e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 167
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
गुरुवार
20.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
गिरने से डरोगे, तो कभी खड़े नहीं हो पाओगे।



PR NO-326952 (IPRD) 24-25

## क्विक न्यूज

### ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे नवीन पटनायक

**नई दिल्ली** : ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक नई विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे। उन्हें विधायक दल की बैठक में नेता और विपक्ष का नेता चुना गया। वहीं प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। विधायकों के साथ आज बैठक के बाद नवीन पटनायक ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नव निर्वाचित बीजू जनता दल के विधायकों की बैठक हुई। इसमें उन्हें विपक्ष का नेता और विधानसभा में पार्टी का नेता चुना गया है।उन्होंने बताया कि एक नया पद होगा, जिसमें प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। इसके अलावा प्रमिला मल्लिक मुख्य सचेतक और प्रताप केशरी देब उप मुख्य सचेतक बनाए गए हैं।

### उत्तरी सिक्किम में रेस्क्यू अभियान खत्म, तीन दिन में 1447 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला

**गंगटोक** : उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले के विभिन्न स्थानों पर फंसे सभी पर्यटकों को तीन दिन के अथक प्रयासों के बाद 1447 पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।मंगन जिले के विभिन्न स्थानों पर फंसे पर्यटकों को निकालने के लिए बड़ा अभियान चलाया था। तीसरे दिन बुधवार को रेस्क्यू टीम ने चुंगथांग और मंगन के उत्तरी क्षेत्र से 158 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया। पर्यटकों को निकालने की प्रक्रिया मंगन जिले के जिलापाल हेम कुमार छेत्री की देखरेख में की गई।

### दिल्ली शराब घोटाला मामला: नहीं मिली सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत, 3 जुलाई तक रहेंगे जेल में

**नई दिल्ली** : दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई जिसमें कोर्ट ने केजरीवाल की हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज न्याय विंदु की अदालत में आज की सुनवाई हुई है। ईडी की तरफ से एएसजी एस वी राजू और केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी अदालत में मौजूद रहे और दोनों ने अपनी-अपनी दलीलें दीं। विक्रम चौधरी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित किया हुआ है।

### पीएम मोदी के दौरे से पहले आतंकियों ने कश्मीर में मचाया कोहराम, एनकाउंटर में दो ढेर

**श्रीनगर** : जम्मू कश्मीर के बारामूला में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया. वहीं, एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ. बारामूला के राफियाबाद इलाके के वाटरगाम हादीपोरा में दिन भर चले सर्च ऑपरेशन के बाद ये मुठभेड़ शुरू हुई. इलाके में दो आतंकी फंसे हुए थे और लगातार फायरिंग की जा रही थी. इससे पहले सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया.

### गुवाहाटी में भूस्खलन के संभावित 15 क्षेत्र चिन्हित, अलर्ट जारी

**गुवाहाटी** : कामरूप आपदा प्रबंधन विभाग ने गुवाहाटी शहर में संभावित भूस्खलन के 15 स्थानों को चिन्हित किया है। विभाग ने शहर में भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के निवासियों को अलर्ट भी जारी करने के साथ ही इन क्षेत्रों से दूर रहने के निर्देश दिया है। कामरूप आपदा प्रबंधन विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि गुवाहाटी शहर में इन 15 स्थानों पर कभी भी भीषण भूस्खलन हो सकता है। गुवाहाटी के जिन इलाकों की भूस्खलन के संभावित क्षेत्रों के रूप में चिन्हित किया गया है उनमें चांदमारी, काहिलीपाड़ा, खानापाड़ा, बोंदा आदि शामिल हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38^{0}$ |
| न्युनतम | $26^{0}$ |

**नशा मुक्त झारखंड** : छह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर सीएम ने किया रवाना

# नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : चंपाई

### * नशे पर नियंत्रण से ही बनेगा बेहतर समाज और बेहतर राज्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी । सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त झारखंड बनने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के क्रम में यह संकल्प दोहराया। इस अवसर पर सभी ने नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत एकजुट होकर स्वयं, परिवार और समाज को नशा से दूर रहने की शपथ ली।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक जीगा सुसारण होरो, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### झारखंड राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार -प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे।



**बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाना है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा । जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। हर किसी के सहयोग से हम अपने इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे। अगर अगर हम आज नशा पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे तो आगे और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है।

**जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांवों का भ्रमण करेंगे:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नशा मुक्त झारखंड बनने के लिए 6 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इसमें चार जागरूकता रथ रांची और एक-एक रामगढ़ और खूंटी जिले के लिए है। विदित हो कि राज्य के सभी जिलों में 19 से 26 जून तक नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ निकाले जा रहे हैं। ये सभी जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांवों का भ्रमण करेंगे। इसके जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव से अवगत कराया जाएगा।

### नशे से समाज में फैल रही कई विकृतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह-तरह की विकृतियां फैलती है। इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है । परिवार में अलगाव की स्थिति पैदा होती । आपसी संबंधों में दरार आने लगता है। समाज गलत दिशा में आगे बढ़ने लगता है। सबसे बड़ी बात कि नशा का सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है। यह उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार समाज और राज्य के लिए भी स्वस्थ नहीं है। ऐसे में युवाओं को नशा से दूर रहना होगा। यह तभी संभव है ,जब उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से अवगत किया जाएगा। उन्हें नशा के खिलाफ जागरूक करना होगा। इस कड़ी में इन जागरूकता रथों की भूमिका भी काफी मायने रखेगी।

# प्रचंड गर्मी से मचा हाहाकार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत उत्तर और पूर्वी भारत में प्रचंड गर्मी से हाहाकार मचा है।दिल्ली में हालत यह है कि सुबह 8ः30 बजे ही पारा 34.8 डिग्री पहुंच गया। यहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। दिल्ली-एनसीआर में प्रचंड गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी है। लू के थपेड़ों से अभी कम से कम 10 दिन तक किसी बड़ी राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार 27-28 जून के आसपास मानसून पहुंचने के बाद ही राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि यूपी व हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। राजस्थान, एमपी, बिहार, झारखंड, उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, विदर्भ व बंगाल के कुछ हिस्सों में भी ऐसे ही हालात रहेंगे। पंजाब, हरियाणा, बिहार व झारखंड में गर्मी का रेड अलर्ट जारी है। आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि उत्तर भारत में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

**नोएडा में मिले 14 शव, लू और हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका**

नई दिल्लीः दिल्ली से सटे नोएडा में अलग-अलग जगहों पर बीते मंगलवार को 14 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. आशंका है कि ये सभी मौतें लू और हीट स्ट्रोक के कारण हुई हैं. हालांकि, स्वास्थ्य विभाग पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण बताने की बात कह रहा है. लेकिन इन मौतों ने प्रचंड गर्मी को लेकर लोगों में दहशत पैदा कर दी है.गौरतलब हो कि इस समय पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है. गर्मी के कारण लू और हीट स्ट्रोक के मामलो में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है. बात नोएडा की करें तो मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर 14 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में जान चली गई.

**दिल्ली में हीटस्ट्रोक से 10 लोगों ने तोड़ा दम, 13 वेंटिलेटर पर**

नई दिल्ली : दिल्ली एनसीआर में हीटवेव का कहर जारी है. पिछले दो दिनों में 10 लोगों की मौत हो गई. दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में कम से कम 13 लोग आइसीयू में हैं. अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शुक्ला ने बताया कि लू लगने के बाद 22 लोगों को भर्ती कराया गया है. जिनमें से 10 मरीजों की मौत हो गई और 13 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं.

### केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी अस्पताल हीटवेव से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए तैयार रहें. हीटवेव की स्थिति और केंद्र सरकार के अस्पतालों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए, नड्डा ने उन अस्पतालों में विशेष हीटवेव इकाइयां शुरू करने का निर्देश दिया. नड्डा ने अपने अधिकारियों को यह निर्देश ऐसे समय में दिया है जब देश के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी पड़ रही है.

## आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं : पीएम मोदी



**एजेंसी**

**पटना** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि नालंदा एक नाम नहीं है बल्कि पहचान और गौरव है.पीएम मोदी ने कहा कि नालंदा उद्घोष है, इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भलें जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं. अपने प्राचीन अवशेषों के समीप नालंदा का नवजागरण हुआ है. ये नया कैंपस विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा. नालंदा बताएगा कि जो राष्ट्र, मजबूत मानवीय मूल्यों पर खड़े होते हैं वो राष्ट्र इतिहास को पुनर्जीवित करके बेहतर भविष्य की नींव रखना जानते हैं. नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है, इसमें विश्व के, एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है. नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनर्निर्माण में हमारे साथी देशों की भागीदारी भी रही है. मैं इस अवसर पर भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं. उन्होंने कहा कि प्राचीन नालंदा में बच्चों का दाखिला उनकी पहचान, उनकी नागरिकता को देखकर नहीं होता था. हर देश, हर वर्ग के युवा यहां आते थे. नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से मजबूती देनी है. दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं. आने वाले समय में नालंदा यूनिवर्सिटी, फिर एक बार हमारे सांस्कृतिक अदला-बदली का प्रमुख सेंटर बनेगी.

**गैंगेस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआईए ने की छापेमारी**

# वाहन, डीवीआर व दस्तावेज जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एनआईए रांची ब्रांच ने उसके बुढ़मू स्थित पैतृक आवास के साथ बुकरू और हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान एनआईए की टीम अमन के घर से फॉर्च्यूनर वाहन, सीसीटीवी का डीवीआर और बैंक खातों से संबंधित कागजात सहित कई अन्य दस्तावेज जब्त करके अपने साथ ले गयी। बताया गया है कि एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में यह छापेमारी की है। एनआईए को जानकारी मिली है कि अमन साहू ने लेवी रंगदारी से अपने और



अपने रिश्तेदारों के नाम पर बड़ी सम्पत्ति अर्जित की है। पलामू जेल में बंद अमन साहू जेल से ही गैंग को ऑपरेट करता है। साथ ही व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है। इस जानकारी के आधार पर एनआईए की टीमों ने एक साथ अमन के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। साथ ही सभी लोगों के मोबाइल को कब्जे में लेकर तलाशी शुरू की। लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में टेरर फंडिंग की जांच कर रही एनआईए ने इससे पहले नौ फरवरी को बिहार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। यह छापेमारी भागलपुर, पूर्णिया और मधेपुरा के एक-एक ठिकानों पर हुई थी। इस छापेमारी में कुख्यात अमन साहू का गुर्गा शंकर यादव भागलपुर से गिरफ्तार किया गया था। उसके ठिकाने से एनआईए ने 1.30 करोड़ रुपये भी बरामद किया था, जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूले गये रुपये बताए जा रहे हैं।

## झारखंड कैबिनेट : मुख्यमंत्री से लेकर विधायक-मंत्री तक का बढ़ा वेतन-भत्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार कैबिनेट की बैठक करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विधायक के वेतन एवं अन्य सुविधा पर मुहर लगाया. साथ ही सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा के विधानसभाध्यक्ष, मुख्य सचेतक आदि का वेतन भत्ता बढाने की मंजूरी प्रदान की.

बुधवार 19 जून को हुई कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अब राज्य के मुख्यमंत्री को एक लाख रुपए प्रतिमाह मिलेंगे. इसके अतिरिक्त अन्य सुविधा भत्ता की राशि मिलेगी. वर्तमान में मुख्यमंत्री को मासिक वेतन 80 हजार मिलता है. इसके अलावा प्रभारी भत्ता के रुप में 70 हजार प्रतिमाह जो एक लाख




मिलेगा. इसी तरह क्षेत्रीय भत्ता में भी वृद्धि की गई है. मुख्यमंत्री को क्षेत्रीय भत्ता 80 हजार के स्थान पर अब 95000 प्रति माह मिलेगा.

सत्कार भत्ता 60000 के स्थान पर 70000 प्रतिमाह और आवास ऋण 40 लाख के स्थान पर 60 लाख रूपया चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर उपलब्ध होगी. कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी बाद में कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने मीडियाकर्मियों को दी.

**केंद्रीय कैबिनेट ने 14 खरीफ फसलों की एमएसपी को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की दूसरी कैबिनेट मीटिंग बुलाई। मीटिंग में कई बड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट के फैसलों के बारे में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास समेत खरीफ की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, कैबिनेट में किसान कल्याण के लिए बहुत महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। खरीफ फसल के लिए 14 फसलों पर कैबिनेट ने एमएसपी को मंजूरी दी है। धान का नया एमएसपी 2,300 रुपये किया गया है, जो पिछले एमएसपी से 117 रुपए अधिक है।

### शराब पीने से 10 की मौत, सीएम ने दिए जांच के आदेश

**चेन्नई (एजेंसी):** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में शराब पीने से 10 लोगों की मौत होने की सूचना है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मामले में सीबी-सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं। जिला कलेक्टर श्रवणकुमार जाटवथ का तबादला कर दिया गया है। एमएस प्रशांत को कल्लाकुरिची जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया है। कल्लाकुरिची के एसपी समयसिंह मीना को निलंबित कर दिया गया है।



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों संग बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने शहर के शिवाजी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आयोजित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिवाजी मैदान की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही एम्बुलेंस तथा फर्स्ट एड व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में उपायुक्त ने आयुर्वेद विभागाध्यक्ष को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 06 बजे से लेकर 07 बजे तक किया जायेगा। तत्पश्चात न्यू टाउन हॉल में सभी लोगों को योग के ऊपर बनाये गये कुछ चुनिंदा वीडियो को दिखाया जायेगा तथा स्नेक्स की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में डीसी श्री रंजन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी हेतु पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट वितरित करने की बाते कही। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारी- कर्मचारी भी इस योग दिवस के अवसर पर अनिवार्यतः मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक तथा सभी ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग का अभ्यास करवाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त के अतिरिक्त सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी बिनय कुमार श्रीवास्तव, एनडीसी विक्रम आनंद, सहायक नगर आयुक्त फैजुर अहमद सहित अन्य विभागों के

## राजमणि पेट्रोल पंप का थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने किया उद्घघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय मे बुधवार के राजमणि पेट्रोल पंप की सामाजिक कार्यकर्ता व अभिभावक शत्रुधन प्रसाद सिंह, जीप सदस्य सुदामा पासवान और थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से फीता काट एवं दीप प्रजावलित कर उद्घघाटन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि छोटे बाजार मे पेट्रोल उचित दाम पर मुहैया बहुत जरूरी थी और क्योंकि एक और पेट्रोल पंप संचालित है। ग्रामीणों की जितना अधिक पंप खुलेगी उतना ही ग्रामीणों की सुविधा होगी। ऐसे अति सुदूरवर्ती इलाके मे विकास होना सौभाग्य की बात है। मौके पर राजमणि पेट्रोल के प्रोपराइटर नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंटू सिंह, तिलक कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव की, जानकी प्रसाद यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल पाठक, विशुनपुर पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, पिंटू सिंह के अलावा राजू यादव, मिथलेश यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कुराईनपतरा पंचायत सचिवालय में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत कुराईनपतरा के पंचायत सचिवालय में बुधवार को कार्यकारिणी की मासिक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया श्रीमति पूनम देवी ने किया। बैठक में पंचायत के जनसमस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। विशेषकर पंचायत में पेयजल सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा हुआ व इसके समाधान पर ध्यान केंद्रित किया गया।बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को कार्ययोजना में शामिल करने के साथ अन्य जनहित मुद्दों पर निर्णय लिया गया। बैठक में वार्ड सदस्यों ने अपना मासिक मानदेय अभी तक प्राप्त नही होने व इस सम्बंध में प्रखंड के सक्षम पदाधिकारियो से बात करने के लिए मुखियाजी को अधिग्रहित किया। कार्यकारिणी के बैठक में वार्ड सदस्य सकेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, मनीता देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, ममता देवी, गीता देवी, पंचायत सचिव प्रदीप कुमार, रोजगार सेवक नागेंद मिश्रा वगैरह उपस्थित थे।

## लेस्लीगंज पुलिस ने पोक्सो अभियुक्त को भेजा जेल



**नीलांबर पितांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लेस्लीगंज थाना कांड सं0-08/2024, दिनांक-08.01.2024, धारा-323/504/366 ( )/34 भा0द0वि0, परिवर्तित धारा-366( )/376(2)(ठ्ठ)/376(3) भा0द0वि0 एवं 06 कर प्राथमिकी अभियुक्त को लेस्लीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। अभियुक्त आकाश कुमार उर्फ शम्भू कुमार भुईयां उम्र करीब-27 वर्ष पिता प्यारी भुईयां उर्फ राम प्यारी भुईयां ग्राम सांगवार, टोला कुसही डैम, से विधिवत गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से आस पास में भय का माहौल

**नीलांबर पीतांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पुरनाडीह पंचायत के गुरियादामर टोला चरमरवा ढोढ़ा के पास बुधवार को अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। ग्रामीणों ने सुबह जब शौच के लिए निकले तो देखा की शव पड़ा हुआ है देखते ही देखते लोगो का भीड़ हो गई लेकिन शव की पहचान का पहचान नहीं हो पाई इधर स्थानीय के द्वारा लेस्लीगंज थाना को सुचना दी गई जहाँ ठंड के एएसआई अजय कुमार ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर शव परीक्षा के लिए मेदिनीनगर भेज दिया इधर लोगो के द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है की बीती रात को कोई शव को लाकर फेक दिया है जबकि कल तक कही कुछ नहीं था हलांकि मृत व्यक्ति के शरीर पर कई जगह जले और फोड़े का निशान पाया गया।

# नशे में धुत आईआरबी जवानों ने ग्रामीणों का बेहरमी से पीटा, रोष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत डगरा पिकेट मे पदस्थापित आर आई बी के जवानों ने आम ग्रामीण के जबरदस्ती गेट के अंदर करके बेहरमी से युवक के पीटा और पीड़ित युवक मे बेहोश हो गिर गिर पड़ा। बताते चलें की घटना गत 17 जून 2024 दिन सोमवार की है। बता दे ग्रामीण मजदूर के पूछ ताछ के क्रम मे पता चला कि दो वर्षो पूर्व से डगरा पंचायत मे पांच फूल पुलिया की काम चल रहा था, जो संवेदक मनोज कुमार सिंह के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। पीड़ित युवक ने बताया कि हम सभी ग्रामीणों ने ठेकदार मनोज कुमार सिंह मे 95 हजार की मजदूरी किया था जिसमे संवेदक मनोज कुमार सिंह ने 65 हजार रुपये हिसाब कर भुगतान कर दिया और शेष बकाया राशि बिना दिये हुए फूल पुलिया मे लगा हुआ समान रात्रि के 10 बजे ले जाने लगा तो डगरा पिकेट प्रभारी श्री बद्री नाथ सिंह के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ तो हम सभी मजदूर ने उक्त समान को रोकने हेतु हम लोगों वहाँ पहुँचे तो मनोज कुमार सिंह ठेकदार की जेसीबी मशीन ,सभी समान व मुंशी राजेंद्र सिंह के रुकवाने के लिए गेट होकर गुजर रहे थे तभी डुयूटी पर तैनात आर आई बी की जवानों ने अचानाक टॉर्च मार जाँच करने लगे और गेट के अंदर गाडी की कर लिया गया । और पिकेट के ग्राउंड के अंदर नशे की धुत में घूम रहे 10 जवानों ने धावा बोल दिया और अशब्द गाली गलौज ,अभद्र व्यवहार 4 युवक की की बेहरमी से पीटा गया और जिसमे एक युवक को सिर फट गया और घायल होकर ग्राउंड मे ही गिर पड़ा। वहाँ पर मौजूद पिकेट प्रभारी बद्री नाथ सिंह खड़े थे फिर जवानों को नहीं रोक पाये। मामला नौड़ीहा बाजार थाना मे दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने मामला की जांच कर रहे है दोषी पाये जाने पर जवानों के खिलाफ करवाई किया जायेगा। जख्मी ग्रामीण संतोष सिंह, देवकुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह और रंजय सिंह के नाम शामिल है।

# उपायुक्त ने की डीएलसीसी सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह, सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की.समीक्षा के दौरान एलडीएम ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही में केसीसी लोन 45232 लोगों के बीच 49892 लाख रुपया, पीएमईजीपी के तहत 118 लोगों के बीच 258.95 लाख रु सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया है।उन्होंने केसीसी के समीक्षा के क्रम में कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ बढ़ाने को कहा।गाय-बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी से लाभान्वित करने की बात कही। उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों से सीडी रेश्यो पर विशेष रूप से कार्य करने की बात कही।बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त शशि रंजन के एएसपी राकेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## तोलरा की बेटी आंकाक्षा ने योगा में जीते मेडल बढाया राज्य का नाम



**विश्रामपुर,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्यालय में विद्यार्थी का मनोबल बढ़ाने के लिए कहीं क्रिकेट कहीं फुटबाल तो कहीं बालीबॉल सहित अन्य खेलो पर विद्यार्थी को कडा मशक्कत कर खेलने का हुनर सिखाया जाता है ।इसी प्रसिद्ध खेलो में एक योगा जो मानें किसी को खेल में इतना रुचि बढाया हो।विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी दिपक तिवारी की पुत्री आंकाक्षा जो विद्यालय के तरफ से देश के कई हिस्सो में योगा खेल की प्रतिभा दिखाकर कई मेडल प्राप्त कर चुकी है।आंकाक्षा के पिता दिपक तिवारी जो राँची पुलिस मुख्यालय में तैनात हैं।अपने पुत्री के प्रसिद्धि पर बताया देश के सभी राज्यो से एक एक प्रतिभावान खिलाड़ी को हरियाणा योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया में भाग लेना था जिसमें 22 लडकियां भाग ली थी ।सभी लड़किया खेल का बेहतर प्रदर्शन की जिसमें मेरी पुत्री आकांक्षा भारत देश में दूसरा स्थान प्राप्त की है।इधर इस उपलब्धी पर पलामू सांसद बिष्णु दयाल राम विश्रामपुर बिधायक राम चन्द्र चन्द्रवंशी विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख रंभा देवी पलामू के प्रसिद्ध एडवोकेट कमल तिवारी महिला नेत्री नूतन देवी समाजसेवी कौशल तिवारी रासबिहारी तिवारी पूर्व मुखिया तोलरा श्यामा देवी सहित कई लोगो ने बधाई व बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना का आशीर्वाद दिया है।

## आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बिगड़ने वाले को चिन्हित कर गिरफ्तार करें आरक्षी अधीक्षक : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने पांकी अंचल के नौडीहा बहेरा में एक व्यक्ति के गौशाला में प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा मिलने एवं कुएं में प्रतिबंधित मवेशी का हड्डी मिलने की घटना को शर्मसार बताया है और उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाले व्यक्ति न सिर्फ अपने कौम का बल्कि वह पूरे समाज का दुश्मन है जिस प्रकार से आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द को बिगड़ने का काम किसी शरारती तत्वों के द्वारा किया गया है उसकी अभिलंब गिरफ्तारी आवश्यक है पलामू आरक्षी अधीक्षक ऐसे शरारती तत्वों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करें इसके साथ ही पांकी अंचल में विशेष कैंप करें ताकि पांकी क्षेत्र में में अमन चैन एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। यह विदित है कि पहले भी पांकी में हिंदू मुस्लिम एकता एवं सौहार्द को बिगाड़ने का काम किया था और उसी में कुछ लोग आज आग में घी डालने का काम किया था जिसके चलते पांकी में आरक्षी अधीक्षक इंद्रजीत माता शाहिद सैकड़ो पुलिस कर्मियों को कैंप करना पड़ा था तब मामला कंट्रोल में आया था। साथ ही साथ पलामू उपायुक्त को भी इस पर सामाजिक सौहार्द चाहने वाले अमन पसन्द लोगों के साथ बैठक करनी चाहिए ताकि समाज में विद्वेष की भावना न फैले और लोग एक दूसरे के साथ प्रेम एवं आपसी भाईचारा के साथ रह सके।

## 47 करोड़ की लागत से बनेगी 29 सड़के : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक की अनुसंशा पर फरवरी 2024 में स्वीकृत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा की 29 ग्रामीण सड़को के जीर्णोद्धार की निविदा ग्रामीण कार्य विभाग डाल्टनगंज ने निकाल दिया है। इन सड़को का निर्माण हो जाने से अधिकांश गांव की सड़क समस्या का समाधान हो जाएगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में 60 से अधिक सड़कों में कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कुछ का काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 29 ग्रामीण सड़को की निविदा के बाद अधिकांश गांव की समस्या दूर हो जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि 29 सड़कों में हैदरनगर की सात, हुसैनाबाद की छह, मोहम्मदगंज की दो, पिपरा की पांच व हरिहरगंज की आठ सड़के शामिल है। सभी पथों का विशेष जीर्णोद्धार किया जाना है। इन 29 सड़कों के निर्माण पर करीब 47 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि विकास के कार्यो पर जनता निगाह रखे। कहीं गड़बड़ी होती है तो बताएं। कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 29 सड़कों की निविदा निकल चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इन सड़कों का निर्माण हो जाने से हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र का कोई गांव सड़क विहीन नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि अगर एक दो सड़के बची भी होंगी तो उसे चिन्हित कर उसका भी कया कल्प करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में जो सड़के बनी थी उनका किसी जनप्रतिनिधि ने रख रखाव तक नहीं किया। दुबारा उन सड़कों को भी दुरुस्त कराने का काम उन्हें ही करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जनता से वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का काम करते है।

## देशी बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के खुरा पिकेट की पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध एक नाली बंदूक के साथ गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इस संबंध में खुरा पिकेट प्रभारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 18 जून को खूरा पिकेट झिरझिरिया जंगल में एक व्यक्ति द्वारा बंदूक लेकर घुमने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई है।उन्होंने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए खूरा पिकेट सशस्त्र बलों के द्वारा झिरझिरिया जंगल से लालबाबु चौधरी पिता स्व0 मल्लू चौधरी ग्राम खूरा कला थाना चैनपुर जिला पलामू को अवैध अग्नेयास्त्र के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद खूरा पिकेट प्रभारी अजीत कुमार सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना काण्ड संख्या 125/2024, दिनांक 18.06.2024, धारा 25,26 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को आज दिनांक 19.06.2024 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सत्संग उप योजना केंद्र में सत्संग सह भंडारा का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सत्संग आश्रम के वर्तमान आचार्य श्री श्री बबाई दा के 57 वां जन्म तिथि के अवसर पर संजय दा के आवास स्थित सत्संग उप योजना केंद्र में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किय्या गया। इसके बाद समवेत नाम-जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ तथा श्री रामचरितमानस ग्रंथ का पाठ किया गया। संगीताजली कार्यक्रम में सत्संगियों द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजयनन्दन सिन्हा ने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी का शरण पाने से सभी देवी देवताओं की पूजा सार्थक हो जाती है.श्री श्री ठाकुर जी ने हम मनुष्यों को ईश्वर का नाम जपने व दान करने को कहा है,क्योंकि नाम और दान हमारे मन के ऐसे दो पैर हैं जो हमे अध्यात्म की ओर ले जाते हैं, जिससे विचार शुद्ध हो जाता है.सभी जीवों से हम प्रेम करते हैं.ईश्वर के नाम से ही मन नियंत्रित रहता है.उन्होंने कहा कि मन की जीत सबसे बड़ी जीत है। यदि हम दान करते हैं तो उसे प्रकाशित नही करना चाहिये.उन्होंने श्री रामचरितमानस के उत्तर कांड में वर्णित दान की महिमा का वर्णन किया.उन्होंने सभी लोगो से सत्संग में शामिल होने का आग्रह किया.उन्होंने कहा कि सत्संग से ही मानव जीवन सार्थक है.सत्संग में सत्संगी संजय दा ने भी अपने विचार व्यक्त किये. इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा में महाप्रसाद ग्रहण किये। सत्संग में रीता देवी, प्रभा देवी, निर्मला जायसवाल, पप्पू, सुप्रिया, आकांक्षा, अनिता देवी, वृंदा देवी, चंचला गुप्ता, रिशु, सृष्टि, विकास कुमार, भोला प्रसाद, शक्तिदास सिन्हा, शशिकांत पाल,राहुल दा सहित अन्य सत्संगी शामिल थे।

# सीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त, करना पड़ा ग्रामीणों के विरोध का सामना

### अवैध खनन रोकने गई सीओ की गाड़ी पर पथराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने मंगलवार की शाम अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर पकड़कर थाना को सौंप दिया। सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि सलतुआ पंचायत के बहेरा गांव के संवरी नदी से अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा हैं इसी सूचना पर छापामारी करते हुए संवरी नदी से बालू लोड कर ट्रैक्टर सलतुआ की और जा रहा था उन्होंने बहेरा गांव के पास अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चैनपुर थाना को सुपुर्द कर दिया।जबकि चालक फरार हो गया। उन्होंने बताया कि अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लें जानें के दौरान सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों के साथ तस्करों ने जब्त किए गए अवैध बालू लदा ट्रैक्टर न ले जानें का विरोध किया और मेरी गाड़ी पर भी पथराव किया गया, जिस पर सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि अगर ट्रैक्टर को नहीं ले जाने देंगे तो आप सभी पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का भी एफआईआर हो जाएगी।जिसके बाद वहां मौजूद और लोगों के समझाने के बाद बालू तस्कर ट्रैक्टर के आगे से हटे और अंचलाधकारी के निर्देश पर बालू लदा ट्रैक्टर को चैनपुर थाना को सौंप दिया गया। मामले में अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि संवरी नदी बालू घाट से बालू का अवैध उठाव कर ट्रैक्टर द्वारा ले जाया जा रहा था। फिलहाल ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है और संरक्षण के लिए थाना ले जाया जा रहा है।साथ ही जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दे दिया गया हैं आगे विधि संगत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

# पहली बार पिता-पुत्र एक मंच पर एक साथ किये जायेंगे सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सेवा के क्षेत्र में अपना परचम लहराने वाले, तिरंगा वाले शौकत खान और इनके सहयोगी पुत्र साजिद ने मिलकर राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह सह गरीबों का निशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक, शहीदों के सम्मान में संचालित कर आम नागरिकों के सहयोग से दस लाख से अधिक गरीबों को मदद कर झारखंड ही नहीं बल्कि देश दुनिया में अपनी निस्वार्थ सेवा कार्यों कि परचम लहराने वाले दोनों पिता पुत्र पहली बार एक साथ एक ही मंच से 23 जून को रांची में झारखंड गौरव सम्मान 2024 से नवाजे जाएंगे। बताते चलें कि शौकत खान ने बहुत सारे अनोखे सेवा कार्य करके अपना और अपने जिले का मान सम्मान बढ़ाया है। शौकत खान ने भारतीय सेना और झारखंड पुलिस एवम् शहीदों के सम्मान राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह आयोजित कर , दो लाख से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेटकर और गरीबों के लिए कई निशुल्क बैंक खोलकर दस लाख से अधिक गरीबों को मदद कर देश भर के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। जिसके लिए शौकत खान को देश भर से सैकड़ों अवार्ड और सम्मान मिल चुके है। जिसमें से ख़ास है नेशनल अवार्ड, इंटरनेशनल अवार्ड, झारखंड रत्न अवार्ड, समेत पलामू प्रमंडल एवं जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन गढ़वा के द्वारा अनेक बार सम्मानित हो चुके हैं। उसके बाद कोरोना काल में आम नागरिकों के साथ प्रतिदिन सैकड़ों बेजुबान जानवरों को भोजन उपलब्ध कराते हुए कई उल्लेखनीय कार्य शौकत खान और उनके पुत्र साजिद खान ने किया गया। जिसके लिए देश भर से 50 से अधिक कोरोना योद्धा अवार्ड से भी नवाजे जा चुके हैं। तिरंगा वाले शौकत खान ने रांची में होने वाले झारखंड गौरव सम्मान समारोह के डायरेक्टर आशिफ अरशद बट, ऑर्गेनाइजर मारीया बट, समेत पीएसएम, इन्वेंट परिवार को आभार व्यक्त किया।

## भाकपा के जिप सदस्य ने बीडीओ को 10 सूत्री मांग पत्र देकर जन समस्याओं का निदान शीघ्र कराने की मांग की

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद सदस्य विद्या पासवान ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को 10 सूत्री मांग पत्र देकर जन समस्याओं का निदान शीघ्र कराने की मांग किया है. मांग पत्र में वृद्ध, विधवाओ और निशक्तों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से घर घर जाकर कराने, सभी परिवारों को राशनकार्ड दिलाने तथा परिवार के छूटे सदस्यों का नाम राशनकार्ड में जोड़वाने, सभी खराब चापानलों व जलमिनारों की मरम्मती कराने तथा सरकारी चापानलों में लगाये गये मोटर की जांच कराने, प्रखंड के सभी गांवों में बन रहे आवास, सिंचाई कूप, टीसीबी की जांच कराने, अलकर, सतबहिनी नाला, नइकी बांध जो वर्ष 2017 में टूटा है।

**संक्षिप्त खबरें**

### रांची एयरपोर्ट को बम से उड़ानें की मिली धमकी, हाई अलर्ट

**रांची।** बुधवार को दिन के करीब एक बजकर दस मिनट में मेल के द्वारा झारखंड के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी मिलने के बाद रांची एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसके तहत आने जाने वाले संदिग्धों पर कड़ी निगरानी के आदेश जारी किए गए। रांची आनेवाले और यहां से प्रस्थान करने वाले विमानों के संदिग्ध यात्रियों की सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है। एयरपोर्ट परिसर के आसपास हर संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। एयरपोर्ट से प्रस्थान करने वाले यात्रियों के सभी संदिग्ध सामानों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। बम से संबंधित मेल की सूचना रांची एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसी के अतिरिक्त अन्य एजेंसियों को भी दी गई है।

### पांच दिवसीय चौथा ओपन स्नूकर टूर्नामेंट गेमर्स गैरेज शुरू

**रांची :** पांच दिवसीय (19 जून -23 जून) चौथा रांची ओपन स्नूकर टूर्नामेंट गेमर्स गैरेज, बरियातू में शुरू हुआ इस प्रतियोगिता का उद्घाटन शिक्षाविद डॉ. मोहम्मद ज़ाकिर ने किया। इस बार के इवेंट - मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर 6 रेड्स और 9 बॉल्स है।विजेताओं एवं उप विजेताओं को कैश, ट्रॉफी एवं क्लब का मेंबरशिप दिया जाएगा। इस अवसर पर यश किंगर, इंद्रजीत, नील,टीपू, इरफान, मोहित चौधरी, अंकित कुमार, विशाल (मेजर), सुमित, यश दास, आयुष राज, सुमित, आयुष, ऋषा, एजाज, राहुल, सिद्धू, सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

## रांची में साहिबगंज का मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय

# 79 मोबाइल के साथ सात दबोचे गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रातू थाना क्षेत्र के एतवार बाजार से एक किशोर बालक समीर कुमार को मोबाइल चोरी करने के प्रयास में पकडा गया था । जिससे पूछ ताछ करने पर बताया की मेरे साथी लोग कमड़े में किराये के मकान में रहते हैं। जिसके सत्यापन में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रातु के द्वारा वरीय पदाधिकारी को सूचित कराते हुए पुलिस उपाधीक्षक मु-2 के निर्देशन में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया एवं छापेमारी दल के द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए 01ः00 बजे रात्रि में सूर्या नगर कमड़े स्थित बिट्टू चौधरी के घर पंहुचा जहा एक कमरे में रह रहे 06 लोगो को पकड़ा गया, जिसमे एक नाबालिक लडका भी था। घर के तलाशी के क्रम में इनलोगों के पास से कुल 79 अलग अलग कंपनी के मोबाइल बरामद किया गया। पुछताछ के क्रम में इन लोगों ने बताया कि ये लोग रॉची के दलादली चौक, कटहल मोड़, सदर बजार,



फिरायालाल चौक, सर्जना चौक, कांटाटोली चौक, बिरसा चौक, अरगोडा चौक इत्यादि से मोबाईल की चोरी करते हैं तथा जब अच्छी संख्या में मोबाईल जमा हो जाता है तो उसे ट्रेन से अपने गांव बाबुपुर थाना तिनपहाड़ जिला साहेबगंज ले जाते हैं और उसके बाद बंग्लादेश से आदमी आ कर खरीद कर ले जाता है और हमलागों को अच्छी खासी कमाई हो जाती है। इस धंधा में हमारे गांव के और भी कई लोग जुड़े हुए हैं जो विभिन्न शहरों मे जा कर मोबाईल की चोरी करते हैं। सभी लोगो ने अपना दोष स्वीकार किये हैं तथा इस काम में ये लोग बच्चो का भी इस्तेमाल करते है ताकि कभी पकड़ा जाए तो आम लोग बच्चा समझ कर छोड देंगे। सभी लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता** : लड्डू नोनिया , जितेन्द्र नोनिया , पुसवा नोनिया , अर्जुन नोनिया बाबूपुर तीनपहाड़, थाना- तीनपहाड़, जिला- साहेबगंज , मिथुन दास बड़ा हरिचंदपुर (तीनपहाड़) थाना- तीनपहड, जिला-साहेवगंज एवं 02 किशोर विधि निरुद्ध।

**कुल 79 मोबाईल फोन बरामदः** नि.सह थाना प्रभारी शशि भूषण चौधरी, पुअनि सतीश कुमार, पुअनि अनु रंजन कुमार, पुअनि अवधेश पाठक, पुअनि सुनील कुमार गौंड, पुअनिअनूप कुमार, पुअनि निरंजन कुमार महतो,हव0-269 चन्द्रिका यादव, आ01140- मनोज कुमार चौबे आ0 1373 नकुल प्रसाद यादव शामिल थे।

# विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म मामले में दोषी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट ने बुधवार को मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म के मामले में दोषी सानिप लकड़ा को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सानिप पर 50 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 10 महीने की सश्रम करावास काटनी होगी। यह मामला नामकुम थाना कांड संख्या 27/2019 से जुड़ा है। सानिप लकड़ा जब भी पीड़िता (सूचक की बेटी) को अकेला पाता था उसके साथ जबरदस्ती यौन संबंध बनाता था।

पीड़िता मानसिक रूप से विक्षिप्त थी, जिसका लाभ उठाकर सानिप लकड़ा ने जबरन उसके साथ यौन संबंध स्थापित किया था, इसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती भी हो गई थी। यह बात जब मामले के सूचक और परिवार के अन्य सदस्यों को तब पता चला जब पीड़िता ने अपनी मां को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद सानिप लकड़ा के खिलाफ वर्ष 2019 में नामकुम थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।




### जमीन घोटाला मामले के आरोपित आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर सुनवाई आठ को

रांची : रांची में बड़गाई की 8.5 एकड़ जमीन कब्जा मामले के आरोपित आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर पीएमएलए कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि आठ जुलाई निर्धारित की है। विनोद सिंह ने रांची पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) की विशेष अदालत में अग्रिम जमानत के लिए 15 अप्रैल को याचिका दायर की है। मामले में विनोद सिंह का नाम तब आया था। जब ईडी से पूछताछ के दौरान उनके मोबाइल में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ व्हाट्सएप्प चैट में अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग में सिफारिश की लिस्ट एवं बड़गाई की विवादित जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने के संबंध में डिजाइन मिला था। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े भूमि घोटाले मामले में अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

## तुपुदाना की पत्थर खदान में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तुपुदाना थाना क्षेत्र के खतरनाक ब्लू पौंड में डूबने वाले युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान मो शब्बीर के रूप में हुई है जो हिंदपीढ़ी निज़ाम नगर का रहने वाला है। मो शब्बीर 18/06/2024 को अपने कुछ दोस्तों के साथ घूमने के लिए ब्लू पोंड गया था नहाने के दौरान गहरे पानी मे डूब गया। उसके दोस्तों ने घर वालो को इसकी सूचना दी। शाम तक परिवार वाले शव ढूंढने के लिए प्रयासरत थे, पर असफल रहे, एनडीआरएफ को दी गई सूचना,अब तक एनडीआरएफ शव की तलाश दूसरे दिन बुधवार को की और शव को बरामद कर लिया। शव को देखते ही घटनास्थल पर, परिवार वाले का रो-रो कर बेहाल होने लगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। बता दें कि एक वीडियो वायरल हुआ जो उसी ब्लू डैम का बताया जा रहा है कि कैसे घटना के कुछ घंटे के बाद वहां पर कुछ युवकों द्वारा चाहने और तैरते हुए दिखा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन को कठोर कदम उठाने पड़ेंगे।

# झारखंड में दो नये प्रभारी देकर भाजपा ने घटाया बाबूलाल मरांडी का कद : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता अकबर कुरैशी ने कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव की दृष्टि से चुनाव प्रभारी एवम सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के चुनाव प्रभारी एवम असम सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शरमा सह प्रभारी बनाए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जो आदिवासी का बड़ा चेहरा हैं , लेकिन भाजपा में जनता उन्हें पसंद नहीं कर रही है, तभी तो, झारखंड विधानसभा के उपचुनाव में मरांडी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को कोई फायदा नहीं हुआ उपचुनाव हारे, इसके बाद 2024 के लोकसभा में भी बाबूलाल के नेतृत्व में सीता सोरेन और गीता कोड़ा बड़े दो चेहरे भाजपा ज्वाइन करती है और चुनाव हार जाती है, भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा में भी बाबूलाल के चेहरे का कोई ज्यादा लाभ नहीं मिलता है, तब जाकर



के भाजपा के पार्टी के केंद्र नेतृत्व प्रभारी नियुक्त करते हैं। आने वाला 2024 विधानसभा चुनाव बाबूलाल मरांडी असफल होंगे और एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा का बोलबाला होगा। पचास सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा रहेगा।

## एसएसपी कार्यालय में आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बीते दिनों हुए विधि व्यवस्था पर बैठक के बाद आईजी अखिलेश झा ने एसएसपी कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ न सिर्फ बैठक की बल्कि पिछले कुछ महीनों में रांची में हुई आपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश भी जारी किए हैं। इस बैठक में राजधानी के उन सभी थानों के प्रभारियों को भी बुलाया गया, जहां सबसे ज्यादा चोरी और छिनतई की घटनाएं हो रही है। थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थानों में दर्ज मामलों में अब तक की कार्रवाई की रिपोर्ट दिए। आईजी ने रांची में चोरी और छिनतई की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने का सख्त निर्देश दिया।

**बैठक में राजधानी के उन सभी थानों के प्रभारियों को भी बुलाया गया, जहां सबसे ज्यादा चोरी और छिनतई की घटनाएं हो रही है**

उन्होंने कहा कि टाइम फ्रेम के अंदर मामलों का खुलासा करे। आईजी ने सभी थाना प्रभारियों को समय सीमा के अंदर आपराधिक घटनाओं का उद्भेदन करने और अपराध में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के दौरान रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल समेत सभी डीएसपी मौजूद थे।

## झारखंड के हॉकी कोचों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हॉकी इंडिया,हॉकी झारखंड और खेल कूद एवम युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के सयुक्त तत्वाधान में झारखंड के हॉकी प्रशिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला समापन किया गया।

16से 18 जून तक आयोजित इस कार्यशाला में दोरणाचार्य अवार्ड से सम्मान प्राप्त भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह ने झारखंड के प्रशिक्षकों सबसे पहले हॉल में प्रोजक्टर के मध्यम



से थ्योरी क्लास कराया और बाद में खेल के मैदान में प्रेक्टिकल भी कराया। उपस्थित सभी 73 कोचों को कई ग्रुप बनाकर सबसे एक दूसरे से चर्चा परिचर्चा भी कराया गया। हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के श्री भोलानाथ सिंह कार्यशाला में सामिल सभी प्रशिक्षकों से मिले और कहा कि आपलोंग ने जो अनुभव प्राप्त किया उसे अपने अपने सेंटर में जाकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करे आने वाले दिनों में और भी आप्लोंगो के लिए कार्यशाला की जरूरत होगी तो इस तरह का कार्यशाला का आयोजन कराया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यशाला में झारखंड सरकार के आवासीय और डे बोर्डिंग सहित झारखंड के भिभिन्न जिला में संचालित हॉकी सेंटरों के कुल 73 कोच सामिल रहे।

## ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला सात जुलाई से, जिला प्रशासन ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रशासकीय पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई।बैठक में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रभारी अध्यक्ष, रनेंद्र कुमार, सचिव, मिथलेश कुमार, उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार, प्रथम सेवक, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, सदस्य, सुहाश तेतरे उपाधीक्षक हटिया, प्रमोद कुमार मिश्रा, आवासीय दंडाधिकारी हटिया, स्मृति कुमारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रतिनिधियों के साथ बेहतर मेला आयोजन को



लेकर प्रस्ताव पर उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा निम्न निर्देशः मेला से सम्बंधित निविदा की सूचना को लेकर उपायुक्त रांची द्वारा निर्देश दिए गए। मेला के दौरान सुरक्षा हेतु सीसीटीवी लगाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंदिर के आस-पास लाइट की व्यवस्था को लेकर उपायुक्त रांची द्वारा सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया। रथ एवं मंदिर में दो-दो पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। जगन्नाथपुर मेला के बेहतर आयोजन को लेकर जिला प्रशासन तैयार, प्रशासकीय पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कहा गया कि 7 जुलाई से 17 जुलाई 2024 को होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के साथ हमेशा खड़ा है। मेला का आयोजन भव्य तरीके से संपन्न हो इसको लेकर तमाम व्यवस्था की जाएगी।

# प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन प्रदेश के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कांग्रेस भवन में केक काटकर मनाया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा सहित अन्य नेताओं ने उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें देश का मजबूत भविष्य बताया। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल और पथ प्रदर्शक हैं। राहुल गांधी देश की आम जनता की आवाज बन चुके हैं। राहुल ने भारत की समस्याओं को समझने के लिए भारत की यात्रा की तब जाकर जनता के मजबूत भविष्य के निर्माण के लिए सर्वकालिक खाकर तैयार किया। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने देश की जिन बुनियादी समस्याओं के लिए संघर्ष किया, उसे जनता को समझाने में सफल रहे। उन्होंने ना सिर्फ दलित, आदिवासी, किसान, महिला, छात्र, युवा और सामान्य वर्ग के लिए आवाज उठाया, बल्कि युवा उद्यमी और स्वरोजगार करने वालों की भूमिका देश के सर्वांगीण विकास में कैसे हो सकता है यह भी जनता के सामने रखा। इस मौके पर प्रमुख रूप से संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, ऋषिकेश सिंह, फिरोज रिजवी मुन्ना, अख्तर अली, नेली नाथन, अजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कल्पना सोरेन से झामुमो कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात



**रांची :** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से बुधवार को कांके रोड स्थित आवास पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार मुलाकात की। इसके अलावा झामुमो के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय डॉ अनिल मुर्मू की पत्नी निशा शबनम हांसदा ने कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।

# कंट्री क्रिकेट क्लब स्विमिंग प्रतियोगिता संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए के कंट्री क्रिकेट क्लब में चल रहे स्विमिंग प्रतियोगिता 2024 का अयोजन किया गया। जिसमें 5 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक की तौराको ने भाग लिया, जिसमें महिला व पुरुष प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने एक दूसरे को जोरदार टक्कर दिया, जो काफी रोमांचक और प्रदर्शनियां रहा। जिसमें हर उम्र के प्रतियोगियों ने भाग लिया।

**प्रतियोगिता का परिणाम :**

ग्रुप ( 5 - 9) बॉयज 15 मीटर - 1. इशांक सिंह, 2. रियांश भारद्वाज, 3. युग

ग्रुप (5 - 9) गर्ल्स 15 मीटरः- 1. राज शांभवी, 2. उपासना प्रसाद, 3. श्रीनिका श्री

ग्रुप (10 - 15) बॉयज 15 मीटरः 1. शिवम प्रमाणिक, 2. लक्ष्य तिवारी, 3. नीले मणि सिंह

ग्रुप (10 - 15) गर्ल्स 15 मीटरः- 1. रचना, 2. अक्षरा गुप्ता, 3. पृषा जैन

ग्रुप (10 - 15) बॉयज 25 मीटर : 1. लक्ष्य तिवारी, 2. लाल प्रत्यूष सहदेव, 3. विराट सिंह

ग्रुप (10 -15) गर्ल्स 25 मीटरः- 1. आराध्या सिंह, 2. रचना, 3. पृषा सिंह

ग्रुप (16 -25) पुरुष 25 मीटरः- 1. कुशाग्रह चौधरी, 2. रत्नम दक्षिणामूर्ति, 3. प्राणतप प्रकाश

ग्रुप (16 -25) महिला 25 मीटरः- 1. त्रिशला, 2. मानवी कौशिक, 3. श्रेया

ग्रुप (26 -35) पुरुष 25 मीटरः- 1. ऋषभ जैन, 2. विंटर स्क्राट, 3. अजीत कुमार

ग्रुप (36 - 45) पुरुष 25 मीटरः- 1. रवि शंकर सिंह, 2. देवेश प्रधान, 3. राहुल कपूर

ग्रुप (36 - 45) महिला 25 मीटर 1. भूमिका, 2. विभा कुमारी

ग्रुप (46 - 55) पुरुष 25 मीटरः- 1. संजय जैन, 2. डॉ राजीव रंजन, 3. राम कुमार प्रसाद

ग्रुप (46 - 55) महिला 25 मीटरः- 1. नीलम, 2. वीणा कुमारी, 3. नम्रता सिंह

ग्रुप (56 +) पुरुष 25 मीटरः- 1. दीपक दत्ता, 2. लोक नारायण, 3. यूके मिश्रा



ग्रुप ओपन टू ऑलः- 1. कुशाग्रह चौबे, 2. रत्नम दक्षिणामूर्ति, 3. ऋषभ जैन

ग्रुप अंडरवाटर :- 1. ऋषभ जैन, 2. रत्नम दक्षिणामूर्ति, 3. शिवम प्रमाणिक

विजेताओं को पुरस्कार अखिलेश झा के द्वारा प्रदान किया गया। पूरे प्रतियोगिता का संचालन विशाखा झा और राजीव रंजन के देखरेख में संपन्न हुआ।

# राज्य के सभी विद्यालयों में बनेगी आदर्श पोषण वाटिका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कृषि एवं बागवानी आधारित आदर्श पोषण वाटिका निर्माण के लिए बुधवार से झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। इसमें राज्य के सभी जिलों के ईको क्लब से दो नोडल शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में राज्य के कई कृषि विशेषज्ञ इन शिक्षकों को पोषण वाटिका पर प्रशिक्षण देंगे। सत्र के पहले दिन राज्य के प्रभाग प्रभारी बादल राज, झारखंड राय यूनिवर्सिटी के कृषि विशेषज्ञ डॉ. आरपी सिंह, नेहा कुमारी ने शिक्षकों को आदर्श पोषण वाटिका के निर्माण व उसके संचालन पर मार्गदर्शन दिया। सत्र को संबोधित करते हुए बादल राज ने कहा कि राज्य में कुपोषण एक बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए मध्याह्न भोजन में पोषक तत्वों से युक्त फल सब्जियों को शामिल करना अनिवार्य है। झारखंड के जिन सरकारी विद्यालयों में एमडीएम की सुविधा है वहां आदर्श पोषण वाटिका का निर्माण किया जाएगा। यह पोषण वाटिकाएं



पूर्ण रूप से जैविक तरीके से लगाई जाएंगी। पोषण वाटिका में जिन सब्जियों को उगाया जाएगा उन्हें एमडीएम में भोजन तैयार करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पोषण वाटिका के निर्माण के लिए विद्यालयों को राशि उपलब्ध करा दी गयी है। विद्यालयों को एमडीएम और ज्ञानोदय योजना के तहत भी राशि उपलब्ध कराई गयी है। सत्र को संबोधित करते हुए कृषि विशेषज्ञ नेहा कुमारी ने कहा कि विद्यालय के बच्चों को एमडीएम में पोषण युक्त भोजन देने के उद्देश्य से सभी स्कूलों में पोषण वाटिका का निर्माण किया जा रहा है, जो सराहनीय है। इसमें ईको क्लब की भूमिका महत्वपूर्ण है। नेहा कुमारी ने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद चयनित नोडल शिक्षक अपने-अपने जिलों में ईको क्लब से जुड़े अन्य शिक्षकों को भी प्रशिक्षण देंगे।

# एनएसयूआई ने कोचिंग सेंटरों के बाहर हस्ताक्षर अभियान चलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर रांची के कोचिंग सेंटरों के बाहर सिग्नेचर कैंपेन चलाया गया। सैकड़ो विद्यार्थियों ने इस मुहिम में हिस्सा लिया। आरुषी वंदना ने कहा कि नीट का पेपर लीक हुआ है, लेकिन एनटीए इस बात को मानने को तैयार नहीं है। लाखों स्टूडेंट्स का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। इतने बड़े मुद्दे पर सरकारी चुप्पी यह साफ दर्शाती है कि सरकार इस अन्याय के खिलाफ न होकर मूक रहकर इसे बढ़ावा दे रही है। एनटीए शक के घेरे में है क्योंकि पेपर लीक की बात सामने आई थी, फिर भी परीक्षा का आयोजन हुआ। इसके बाद जो स्कोर आ ही नहीं सकते वह भी जारी कर दिए गए। इसी के साथ नीट का रिजल्ट भी जल्दबाजी पहले ही जारी कर दिया गया। इसी को देखते हुए झारखंड एनएसयूआई संगठन ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर मांग की है कि स्टूडेंट्स को राहत देते हुए परीक्षा फिर से करवाई जाए। पीड़ित छात्रों को उचित न्याय दिया जाए, जिसके वह सब हकदार है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरुषी वंदना, रवि वर्मा, पी.कृतिका रॉव, अभिषेक दुबे, प्रखर शर्मा, दीप रॉय, निशांत, पूजा, राकेश एव सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## डॉ आनन्द जगनाणी को लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वांचल मध्यकालीन आयुर्विज्ञान एवं राँची पेडिकॉन के सह आयोजन में राँची के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ आनन्द कुमार जगनाणी को उनकी अप्रतिम एवं निरन्तर सेवा के लिए लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड (स्मृति चिह्न, प्रशस्तिपत्र एवं दुशाला) से सम्मानित किया गया है । ज्ञात हो कि डॉ जगनाणी ने रिम्स, राँची तत्कालीन आर.एम.सी.एच. से एम.बी.बी.एस. (आयुर्विज्ञान स्नातक) एवं राँची विश्वविद्यालय से शिशु रोग में स्नातकोत्तर किया है । उन्होनें झारखण्ड एवं तत्कालीन बिहार सरकार में भी अनवरत सेवा प्रदान किया है । वे महाविद्यालय में समर्पित एवं लोकप्रिय शिक्षक रहे हैं । उनकी ख्याति एवं नवजात शिशु चिकित्सा में रुचि उल्लेखनीय है । उन्होंने आई.ए.पी. के विभिन्न पदों पर समय-समय पर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है । वर्तमान में वे एन.एन.एफ. (राँची शाखा) के अध्यक्ष हैं । उन्होंने स्थानीय, प्रादेशिक, आँचलिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्विज्ञान सम्मेलनों में व्याख्यान प्रस्तुत किया है । उनके कई आलेख भी प्रकाशित हुए हैं । उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उनको पायनियर एवं शिशु शिरोमणि विशेषज्ञ सम्मान से भी अलंकृत किया गया है । यह हर्ष का विषय है कि डॉ आनन्द कुमार जगनाणी को पुनः सम्मानित करते हुए लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड प्रदान किया गया है ।

## मौसम का मिजाज बदला, गर्मी से मिली राहत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में दिनभर की तप्ती गर्मी से लोग परेशान हो गए थे। इतनी भीषण गर्मी में लोग ना घर में रह पा रहे थे ना बहार ही रह पा रहे थे।शाम के समय मौसम ने करवट बदला जोरदार आंधी तुफान एवं गर्जन के साथ भीषण बारिश हुई। लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली।इस आंधी तूफान में बिजली भी गुल हो गई।कई जगह पेड़ भी गिरने की सुचना है। सिल्ली मुरी में हल्की आंधी बारिश में ही बिजली गुल हो जाती है और चौबीस घंटे के बाद ही बिजली कि सप्लाई दी जाती है।

## टाटा साल्ट ने जिंक-समृद्ध नमक के साथ देश के स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक बाजार में 1983 से अग्रणी टाटा साल्ट, अपने प्रमुख उत्पाद, जिसे %देश की सेहत, देश का नमक के रूप में जाना जाता है, के साथ आयोडीन की कमी से होने वाले विकार (आईडीडी) के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करना जारी रखता है। ब्रांड को लंबे समय से आईडीडी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए अपने समर्पण के लिए जाना जाता है।दो साल पहले एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टाटा साल्ट ने टाटा साल्ट इम्यूनो को लॉन्च किया, जो भारत का पहला खाद्य नमक है जो आयोडीन और जिंक दोनों से समृद्ध है। जिंक, एक आवश्यक पोषक तत्व है, जो एक मजबूत और स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह नवाचार संतुलित आहार को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को उनके नमक के सेवन के बारे में सूचित विकल्प बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## अमेज़न इंडिया का 130 से ज़्यादा शहरों में वस्तार की घोषणा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमेज़न इंडिया ने 130 से ज़्यादा शहरों में अमेज़न फ्रेश के विस्तार की घोषणा की है। यह 130 से ज़्यादा शहरों में फल, सब्ज़ियाँ, ठंडे उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, शिशु, व्यक्तिगत देखभाल और पालतू जानवरों के उत्पादों सहित गीले और सूखे किराना सामान की अपनी पूरी टोकरी वाली किराना सेवा है। अमेज़न फ्रेश के विक्रेता 11,000 से ज़्यादा किसानों से फल और सब्ज़ियाँ खरीदते हैं और '4-चरणीय गुणवत्ता जाँच' के ज़रिए उपज की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं। अंबाला, औरंगाबाद, होशियारपुर, धारवाड़, ऊना, सूरी और अन्य 130 से ज़्यादा शहरों में ग्राहक अपनी साप्ताहिक/मासिक टोकरी बनाते समय अमेज़न फ्रेश विक्रेताओं और बैंक भागीदारों से शानदार बचत और रोमांचक डील का लाभ उठाएँगे।अमेज़न फ्रेश एक समर्पित ऐप, व्यक्तिगत विजेट, दोबारा खरीदें विकल्प और चेकआउट के दौरान अक्सर खरीदी गई वस्तुओं को भूलने से रोकने के लिए रिमाइंडर के साथ उपयोगकर्ता के अनुकूल किराना खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है।

## टेंपो पलटने से एक व्यक्ति की मौत

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात 8:30 बजे पंचगावां मोड के समीप टेंपो अनियंत्रित होकर पलट जाने से टेंपो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि घटना में तीन लोग घायल हो गए, घटना में मृतक की पहचान प्रकाश मेहता उम्र 50 वर्ष पिता कार्तिक मेहता ग्राम फुलवरिया के रूप में हुई है जबकि घायल की पहचान कमलेश साव उम्र 60 वर्ष ग्राम फुलवरिया, बहादुर राम उम्र 58 वर्ष पिता बनवारी ग्राम पुर्णडीह, कैलाश यादव उम्र 40 वर्ष पिता लालू यादव ग्राम पुर्णडीह के रूप में हुई है, मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि टेंपो में चार लोग सवार होकर महेशपुर से पुर्णाडीह जा रहे थे, तभी पचगावां मोड के समीप अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए, जिसके बाद आनन- फानन में ग्रामीणों की मदद से 108 का सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्रकाश मेहता को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं तीनो घायल व्यक्ति को इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रावना

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज समाहरणालय सभागार से उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर लोगो को मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक करेगी। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील किया कि मादक व नशीली पदार्थों के सेवन से बचें। मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान में जिला प्रशासन के अलावा सभी जिले वासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें कि वह किसी भी गलत संगत में ना पड़े। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसके चपेट में भी नहीं आए हैं उन्हें भी इनसे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## नीरा यादव ने झुमरी तिलैया नगर परिषद में की समीक्षात्मक बैठक

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को नगर परिषद झुमरी तिलैया के कार्यालय में स्ट्रीट लाइट, नाली सफाई, सड़क निर्माण, कचरा उठाव, पार्क के रख रखाव, निर्मित शौचालय के रख रखाव को लेकर आवश्यक समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार डॉ नीरा यादव के साथ अधिकारी नगर प्रशासक हर्ष वर्धन, नगर प्रबंधक अरविंद बर्नवाल, सतीश कुमार, कनीय अभियंता दीपक कुमार, यादव लाल महतो, सफाई निरीक्षक राजू राम सहित अन्य कर्मी एवं अन्य स्थानीय उपस्थित थे। विधायक ने सारे समीक्षा के दौरान पूछे जाने पर कचरा उठाव की 11 गाड़ी उपयोग में होने की बात पर नाराजगी जताते हुए विधायक ने कहा फिर कचरा उठाव तरीके से क्यों नहीं हो रहा है। सीएच स्कूल के पास हाइ मास्ट लाइट लगने के सात माह पश्चात भी अभी तक स्टार्ट क्यों नहीं हुआ। वहीं जिम खाने के कई समान टूटे जाने की शिकायत मिली । नीरा यादव ने कहा स्टेशन रोड़ को वन वे साथ जाम से निजात के लिए व्यवस्था दुरुस्त करे । केसरिया चौक से रघुराम जी के घर तक नाली सफाई करे, स्ट्रीट लाइटो को दुरुस्त करें और उसके रख रखाव वाले संवेदक की जमानत राशि को जब्त करते हुए उनपर नियम संगत कार्यवाई करे।

## विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# स्वास्थ्य हमारे भविष्य का अहम मानक है : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सदर अस्पताल स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल के परिसर में विश्व सिकेल सेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, लोकेश मिश्र के द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। उपायुक्त ने बताया कि जाँच कराने के क्रम में जिन मरीजों को दिव्यांगता की श्रेणी में रखा गया है एवं सरकार द्वारा उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक लाभ भी दिया जाएगा। वहीं उपायुक्त के द्वारा सिकेल सेल एनिमिया से ग्रसित लोगों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया, इनमें अमित प्रधान, असरीता कुमारी, करमी कुमारी, अभय बोदरा, सामुएल तिर्की मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सिकेल सेल एनिमिया का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायत के जन-प्रतिनिधयों की अहम् भुमिका है। उन्होंने कहा कि सिकेल सेल एनिमिया से ग्रसित लोगों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा भी उपलब्ध है एवं सदर अस्पताल के कर्मचारियों, पराकर्मियों द्वारा अबतक 1 लाख से उपर सिकेल सेल जाँच कराने पर संतोष व्यक्त किये। उन्होंने भारत सरकार द्वारा दिए गए वर्ष 2047 तक सिकेल सेल एनिमिया के उन्मूलन को ध्यान में रखते हुए राज्य से भी वर्ष 2047 तक उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। खूंटी में पहली बार सिकेल सेल एनिमिया से पिड़ित व्यक्ति को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना के तहत पेंशन की स्वीकृति दी गई है। प्रथम चरण में खूंटी प्रखण्ड के 3, कर्रा 3, मुरहू 2, तोरपा 1 कुल 09 व्यक्ति शामिल हैं। इस योजना के तहत प्रति माह ?1000 की राशि लाभुकों को आजीवन दी जाएगी। भविष्य में यदि सिकेल सेल एनिमिया से पिड़ित व्यक्ति की पहचान होती है तो उन्हें भी इस योजना से आच्छादित किया जाएगा। बेहतर स्वास्थ्य जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में से एक है। किसी भी राष्ट्र के सशक्त होने के लिए वहां के नागरिकों का स्वस्थ होना आवश्यक हैं। जहां कई बीमारियां चुनौतियों के रूप में जीवन और स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं, उनमें से ही एक है सिकल सेल रोग (एससीडी)। यह आवश्यक है कि हमारे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इन विकारों के लक्षणों और शीघ्र पहचान के संबंध में जागरूक किया जाए। प्राथमिक रूप से रक्त परीक्षण के माध्यम से सिकल सेल की समय पर पहचान कर प्रभावित लोगों को उचित उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा सकते हैं। आवश्यकता है कि प्रत्येक स्तर पर ग्रामीणों को सिकल सेल अनीमिया के संबंध में पूरी जानकारी दी जाय। समुदाय स्तर पर जागरूकता व परीक्षण से इन विकारों के लक्षण, निदान और उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाना अतिआवश्यक है। विषय प्रवेश करते हुए सिविल सर्जन, नागेश्वर माँझी ने कहा कि सिकेल सेल एक आनुवांशिक बीमारी है, तथा जबतक जाँच नहीं कराई जाती तबतक इस बीमारी का पता नहीं चल पाता है। उन्होंने कहा कि किशोर, किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं का प्रतिदिन सदर अस्पताल में मुफ्त में जाँच किया जा रहा है। आगामी 15 दिनों तक युद्ध स्तर पर ग्राम, विद्यालय, आंगनवाड़ी एवं सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाँच चलाया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सिकेल सेल ऐनिमिया से ग्रसित मरीज सामुएल तिर्की ने बताया कि सदर अस्पताल स्थित थैलेसिमिया वार्ड में मेरा ईलाज बहुत अच्छे तरीके से हो रहा है। रक्त की कमी होने पर अस्पताल प्रबंधक द्वारा रक्त उपलब्ध कराकर मेरा ईलाज कराया जाता है एवं चिकित्सकों की देख-रेख में उचित परामर्श दिया गया।

उन्होंने सभी को सिकेल सेल जाँच हेतु प्रेरित किया। उपाधीक्षक, सदर अस्पताल खूँटी के डॉ0 आनन्द उराँव ने बताया कि हर महिने के 15 एवं 30 तारीख को दिव्यांगता एवं प्रमाणपत्र निर्गत हेतु कैम्प का आयोजन किया जाता है। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन नागेश्वर माँझी को निर्देश देते हुए जल्द ही जन-प्रतिनिधियों का सिकेल सेल एनिमिया पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए कहा। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उद्घाटन समारोह में परियोजना निदेशक आई0टी0डी0ए0, नियोजन पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा डॉ0 रजनी नीलम टोप्पो, जिला यक्ष्मा डॉ0 नमिता टोप्पो, उपाधीक्षक डॉ0 आनन्द उराँव उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम समन्वयक उदयन शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला लेखा प्रबंधक विकास सिंह, जिला डाटा प्रबंधक श्वेता सिंह, अस्पताल प्रबंधक अन्तरा झा. एस0टी0टी0, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी का सहयोग रहा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक कानन बाला तिर्की एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाधीक्षक डॉ0 आनन्द उराँव के द्वारा किया गया।

# पिपरवार मे खनन अनुबंध पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र की मेजबानी मे पिपरवार एरिया के बचरा ऑफिसर्स क्लब मे दो दिवसीय माईनिंग व सिविल कान्ट्रेक्ट के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।पहले दिन बुधवार को माईनिंग कान्ट्रेक्ट (खनन अनुबंध) संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में सीसीएल के पांच क्षेत्रो के सीसीएल अधिकारी शामिल हुए।जिसमें पिपरवार,एनके एरिया,आम्रपाली-चन्द्रगुप्त, मगध-संघमित्रा एंव रजहरा एरिया के माईनिंग अधिकारी शामिल हुए।मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय और विशिष्ट अतिथि मे सीसीएल हेडक्वाटर के चीफ मैनेजर माईनिंग सह मुख्य प्रशिक्षक प्रशंजीत मेहती मौजुद थे।पिपरवार क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर माईनिंग सुभोजित हलदर ने फूलो का गुलदस्ता देकर अतिथियो का स्वागत किया,जिसके बाद अतिथियो ने सामुहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला की शुरुआत की।कार्यक्रम मे माईनिंग कान्ट्रेक्ट (खनन अनुबंध) से संबंधित बातों पर जानकारी दी गई।सीसीएल हेडक्वाटर के चीफ मैनेजर माईनिंग सह मुख्य प्रशिक्षक प्रशंजीत मेहती ने प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से अधिकारियो को माईनिंग कान्ट्रेक्ट के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से अधिकारियो को कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।उन्होंने कहा कि माईनिंग कान्ट्रेक्ट मे जानकारी बहुत जरूरी है।उन्होने कहा कि किसी भी कार्य मे अनुभव और जानकारी बहुत जरूरी है।इससे काम को सफलता पूर्वक निष्पादन किया जा सकता है।इस मौके पर डिप्टी मैनेजर लीगल राजु प्रसाद, पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन,एसओ माईनिंग सुभोजित हलदर,अभिजीत दत्ता,किशन अवस्थी,ज्योति कुशवाहा,उज्जवल कुमार, पिपरवार के डिप्टी मैनेजर माईनिंग रविशंकर आजाद, एनके एरिया के राजहंश प्रसाद सहित माईनिंग विभाग के कई अधिकारी मौजुद थे।आज सिविल कान्ट्रेक्ट के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## सीआईएसएफ ने अभियान चलाकर दो लोहा चोर को किया गिरफ्तार




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी अभियान चलाकर एक वाहन में लदे भारी मात्रा में लोहा को बरामद किया है। साथ ही दो लोहा चोर को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।जानकारी के मुताबिक बीती रात सीआईएसएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोहा चोर वाहन से लोहा चोरी कर जा रहे हैं,जिसके बाद सीआईएसएफ की विशेष टीम ने अभियान चला कर पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना वर्कशॉप के समीप उक्त वाहन को जप्त किया।साथ ही वाहन में सवार दो लोहा चोर को भी हिरासत में ले लिया।पूछताछ के क्रम में दोनों लोहा चोर ने पिपरवार के पुराने इनपीट क्रशर से लोहा चुराने की बात कबूल की।वाहन से भारी मात्रा में एंगल और लोहा को बरामद किया गया है।जिसके बाद सीआईएसएफ ने दोनों चोर और जप्त लोहा एवं वाहन को पिपरवार पुलिस के हवाले कर दिया है।जब्त लोहे की कीमत लगभग 25 हजार रूपये बताई जा रही है। सीआईएसएफ के लिखित आवेदन पर पिपरवार थाना में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।इधर पिपरवार पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन के प्रतिनिधियों ने की सीएमडी से मुलाकात



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन के पिपरवार युनिट सचिव सह सेफ्टी कमेटी सदस्य विमल महतो और बचरा परियोजना अध्यक्ष बाबुलाल राम ने बुधवार को सीसीएल सीएमडी एनके सिंह से मुलाकात किया।इस दौरान दोनों श्रमिक प्रतिनिधियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर सीसीएल सीएमडी एनके सिंह का स्वागत किया।इस दौरान कोयला मजदुरो की कई समस्या से सीएमडी को अवगत कराया।श्रमिक प्रतिनिधियों ने पिपरवार में व्याप्त समस्याओं से सीएमडी को अवगत कराया।पिपरवार क्षेत्र में कार्यरत असंगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी का लाभ दिलाने की अपील की।वहीं पिपरवार में लागू किए गए बायोमेट्रिक सिस्टम से मजदूरों को हो रही परेशानी से भी अवगत कराते हुए इसे बंद करने की मांग की।इसके अलावा कई अन्य बातों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।इस दौरान समस्याओं से अवगत होने के बाद सीएमडी श्री सिंह ने समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिय।

## पीड़ित लाभुकों के बीच चेक व खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल कीट का वितरण



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड सभागार मे सभी विभाग के पदाधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक करने के पश्चात विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ब्लॉक परिसर मे ओलावृष्टि से मकान क्षतिग्रस्त पीड़ित लाभकों के बीच चेक का वितरण किया साथ ही फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का भी वितरण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया शिव उरांव, महादेव भगत, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, मन्ना उरांव, जुल्फेकर अंसारी एवं अन्य उपस्थित रहे।।

## खूंटी में कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिवस

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह रायबरेली सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गयाद्य इसके उपलक्ष्य में खूंटी सदर अस्पताल में मरीजों एवं नव शिशुओं के बीच फल एवं खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गयाद्य खूंटी जिला युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी की लंबी आयु की कामना की गई एवं कमेटी के सदस्यों ने बताया 2024 के लोकसभा आम चुनाव में लोकतंत्र की जीत हुई है जनता की जीत हुई है द्य कांग्रेस पार्टी की यह विचारधारा है कि गरीब दलित शोषित समाज के वर्गो की मदद करना इसी संदर्भ में सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। मौके पर खूंटी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुणाल कमल कच्छप खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगद्य जिला उपाध्यक्ष शिबलू खान जिला उपाध्यक्ष बाहा मुंडा खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ पहन खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष एंजेला हंस खुटी नगर अध्यक्ष गुलीट मिश्रा खूंटी विधानसभा अध्यक्ष ऋतुराज झा अनमोल होरो समिति युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।




## सरला बिरला में छात्र सदन का गठन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-2025 के छात्र परिषद के नवनियुक्त सदस्यों के लिए 'पद-ग्रहण समारोह' आयोजित किया गया। छात्र परिषद के विभिन्न पदों के लिए सदस्यों को बैज और पट्टिकाएं प्रदान की गईं। चार हाउस- ऋग्वेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद और सामवेद के हाउस वार्डन ने हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन, हाउस प्रीफेक्ट और हाउस वाइस प्रीफेक्ट के पदों के लिए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी। सभागार नव नियुक्त सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण की गूंज से भर गया। समारोह बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। प्राचार्या, श्रीमती परमजीत कौर ने छात्र परिषद को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करती हैं कि वे स्कूल समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। उन्होंने उनके लिए एक ऐसे वर्ष की कामना की जो प्रगति, उपलब्धियों और संतोष से भरा हो।

## आजसू का स्थापना दिवस को लेकर बैठक संपन्न



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के रामपुर में 22 जून को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने को लेकर चर्चा एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाते हुए मौके पर पूर्व प्रत्याशी रामधन बेदिया,जिला परिषद सदस्य सह केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंड़ा, केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह, केंद्रीय सदस्य विरेन्द्र भोक्ता, केंद्रीय सचिव सह अनगड़ा प्रभारी बांबी सिंह, पूर्व नामकुम प्रखंड प्रमुख रीता रंजनी कुजूर, जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा,महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप जसवाल, जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष रतन लाल होणडा, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ माहतो, प्रखंड सचिव धमेंद्र सिंह, विवेक गोप, अनगड़ा प्रखंड कोषाध्यक्ष सुनील करमाली,छोटू नायक, नागेश्वर सिंह उपस्थित थे।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को मौसम का मिजाज बदलने से काफी राहत मिली है।तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है।जानकारी के अनुसार तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है।पिछले एक सप्ताह से कोयलांचल क्षेत्र के लोग प्रचंड गर्मी से परेशान। लगातार तापमान में वृद्धि होने से कोयलांचल के लोग गर्मी से बेहाल थे।इसी बीच बुधवार की दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओ के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई।वही तेज हवा और गरज के बीच बचरा के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति घंटो ठप रही।अचानक मौसम में आयी बदलाव के बाद तापमान में भी कुछ गिरावट देखी गई।इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को भीषण भरी गर्मी से भी राहत मिली है।मौसम में बदलाव के बीच क्षेत्र के चौक चौराहा एवं बाजारों में फिर से रौनक लौट आयी है।ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से पुरे इलाके मे भीषण भरी गर्मी से लोग काफी परेशान थे।

**AFFIDAVIT**

I Md Gulzar Ahmad S/o Md Hussain Ansari, At- Barwadih Chhotka Chumba, P.O.- Barka Chumba, P.S.- Giddi "A", Dist.- Ramgarh (Jharkhand) Magistrate Affidavit No. 8040. Date 07/06/2024. am declaring that earlier my name was Md Guljar Ansari but now my name is Md Gulzar Ahmad. That means Md Gulzar Ahmad and Md Guljar Ansari both are the same person who is me.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता वाहन को डीडीसी ने किया रवाना

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देशानुसार 19 से 26 जून 2024 तक जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस निमित्त समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बर्दियार द्वारा जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर अपर उपायुक्त संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, जिला कल्याण पदाधिकारी गोपी उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर भी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने कहा निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यापर मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है।

## गरीब बच्ची को समाजसेवी रानी गुप्ता और गायत्री परिवार के विनय कुमार सिंह ने दिया सहयोग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर्थिक तंगी के कारण पिछले तकरीबन 3 माह से बारीडीह गुरुद्वारा के पीछे रहने वाली पलक स्कूल नहीं जा रही थी. उसके पास ना तो ड्रेस था ना ही किताबें और ना बकाया फीस देने की रकम. बारीडीह डेफोडिल हाई स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ने वाली पालक की मां माधुरी देवी भी परेशान थी मदद के लिए कई जगहों पर गुहार लगाई लेकिन कहीं से मदद मिलने की आस नहीं दिखी. किसी ने उन्हें सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति प्राइवेट लिमिटेड की अध्यक्ष रानी गुप्ता से संपर्क करने को कहा और माधुरी ने समाज सेवी रानी गुप्ता से संपर्क साधा और समाज सेवी रानी गुप्ता ने माधुरी को आश्वासन दिया कि जहां तक हो सकेगा वह हर संभव सहयोग करेगी. उसके बाद समाजसेवी रानी गुप्ता ने गायत्री शक्तिपीठ परिवार के विनय कुमार सिंह से संपर्क किया और बच्ची की मदद की गुहार लगाई. उसके बाद दोनों ने मिलकर बच्ची को आर्थिक मदद दी. समाजसेवी रानी गुप्ता ने स्कूल में जाकर बच्ची का 3 महीना का फीस जमा किया साथ ही बच्चे की किताबें भी खरीदी और उसका ड्रेस जूता खरीद कर दिया. इस मौके पर गायत्री परिवार के सुरेश लाल भी मौजूद थे. बच्ची और उसकी मां ने समाजसेवी रानी गुप्ता और विनय कुमार सिंह के प्रति आभार प्रकट किया.

## टाटा एआईजी मोटर इंश्योरेंस के साथ करें इस मानसून में अपने वाहन की सुरक्षा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी बीमा प्रदाता, टाटा एआईजी, मानसून के दौरान वाहनों की सुरक्षा के लिए तैयार व्यापक मोटर बीमा समाधान प्रदान करती है। मानसून के आगमन के साथ ही रांची के निवासियों को मानसून के कारण आने वाली चुनौतियों का एहसास होने लगा है और पिछले साल अक्टूबर में आई बाढ़ की यादें अभी भी उनके जेहन में ताज़ा हैं। टाटा एआईजी की मोटर बीमा पॉलिसी इन मौसमी चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यापक कवरेज और सेवाएं प्रदान कर मन की शांति प्रदान करती हैं।मानसून से जुड़े जोखिमों से व्यापक सुरक्षा में इंजन सिक्योर, कांच, फाइबर, प्लास्टिक और रबर के पुर्ज़ों की मरम्मत, डेप्रिसिएशन रिइम्बर्समेंट कवर, इलेक्ट्रिक सर्ज सिक्योर, एनसीबी प्रोटेक्शन कवर जिसमे एनसीबी को प्रभावित किए बिना दावा करने में मदद मिलती है, जिससे प्रीमियम नवीनीकरण पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिल सकती है। टोइंग और ऑन-रोड रिपेयर~ अगर आपकी कार खराब हो जाती है तो मुफ्त टोइंग और मरम्मत सेवाएं उपलब्ध हैं। 10,000+ गैरेज का व्यापक नेटवर्क, 99 फीसदी दावा निपटान अनुपात, आसान और त्वरित पॉलिसी जारी करना, 24×7 सहायता शामिल है। नील छेड़ा, सीनियर ईवीपी और हेड ऑटो और एक्चुरियल एनालिटिक्स, मोटर बीमा, टाटा एआईजी, ने कहा, टाटा एआईजी, विशेष रूप से बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में मानसून के दौरान पैदा होने वाली चुनौतियों को समझती है। हमारे मोटर बीमा समाधान व्यापक सुरक्षा और सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो कि हमारे ग्राहक इस मौसम में आत्मविश्वास और बगैर किसी परेशानी के इससे निपट सकें।

## 22 जून को रुगुडीह पंचायत सचिवालय में होगी कार्यकारणी समिति की बैठक

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के रुगुडीह पंचायत सचिवालय में आगामी 22 जून को कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई है। रूगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत स्तर में चल रहे विकास योजनाओं के अलावे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 15वीं वित्त आयोग मनरेगा अबुआ आवास प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित समीक्षा के साथ अन्य पंचायत स्तरीय योजना एवं महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में उप मुखिया सभी वार्ड सदस्य पंचायत सचिव रोजगार सेवक स्वयंसेवक को उपस्थित होना अनिवार्य है।

## कुचाई में कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई के सुदूरवर्ती क्षेत्र चार मोड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। साथ ही संविधान रक्षा का संकल्प लिया गया। बुधवार को झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रमेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सैकड़ों कांग्रेसियों ने इकट्ठा हुए और केक काटकर और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी। कांग्रेस नेताओं में राहुल गांधी के जन्मदिन को लेकर काफी उत्साह दिखा। मौके पर श्री मिश्रा ने कहा कि राहुल जी भारत के गरीब, हाशिए पर पड़े और पिछड़े नागरिकों के निर्विवाद नेता हैं। वे संविधान को बचाने की लड़ाई में खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की संविधान में बताए गए मूल्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाजों के प्रति उनकी गहरी संवेदना उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा,अनिल सोय,डाबुआ सोय, वीरेंद्र नायक,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा सोय,आई आलम,मांगीलाल सोय आदि उपस्थित थे।

# न्यायालय परिसर में हो रही स्टांप की कालाबाजारी

## अधिवक्ता सुधीर कुमार ने बार एसोसिएशन से की शिकायत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नए एवं पुराने न्यायालय परिसर में इन दिनों जमकर टिकटों की कालाबाजारी हो रही है। निर्धारित कीमत से ज्यादा कीमत जरूरतमंद ग्राहकों से वसूले जा रहे हैं। स्टांप पर ज्यादा कीमत वसूल करने वाले वेंडर अलग-अलग व्यक्तियों से वकालतनामा की अलग मूल्य वसूलते हैं। अन्य स्टेशनरी की कीमत भी बाजार से दुगने कीमत पर बेच रहे हैं।यह कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है और अधिवक्तागण खामोश रहते हैं। क्योंकि उनके पॉकेट पर इसका बोझ नहीं पड़ता है। जरूरतमंद मुवक्किल के पास कोई विकल्प नहीं होने के कारण ज्यादा कीमत पर वेंडर से सामग्री खरीदने को मजबूर रहता है। अब तो आलम यह है कि बार एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले वकालतनामा एवं अधिवक्ता कल्याण कोष का टिकट ज्यादा कीमत पर बेचा जाने लगा है। बुधवार की सुबह वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने अपने एक मुवक्किल सुशांत धीवर को 100 रू मूल्य का टिकट लाने के लिए भेजा। वह नए न्यायालय परिसर के नए बार भवन स्थित दुबे लॉ हाउस गया। संचालक ने 100 रू की बजाय उससे 110 रुपए कीमत वसूल किया। उक्त जानकारी जब अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू को मिली तो वह संचालक के पास गए। संचालक ने गलती के लिए न माफी मांगी ना खेद जताया। बल्कि उसने 110 रुपए वापस कर दिए और कहा कि आप टिकट वापस कर दीजिए। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने उसे टिकट वापस कर दिए और दूसरे दुकानदार से टिकट खरीदे। दुकानदार ने अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू को देखा तो उसने उससे ज्यादा कीमत नहीं लिया। सुधीर कुमार पप्पू ने बार एसोसिएशन से इसकी लिखित शिकायत की है और कार्रवाई करने का आग्रह किया है। वहीं इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को भी उन्होंने भेज दी है। उन्होंने उपयोग से आग्रह किया है कि समय-समय पर इसकी विजिलेंस जांच होनी चाहिए। जिससे आम आदमी को इस तरह की कालाबाजारी का सामना नहीं करना पड़े।

## लोकपाल अरूणाभा की सेवा विस्तार पर लगी रोक, फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट जाने का फैसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जादूगोड़ा :** पोटका प्रखंड अंतर्गत जादूगोड़ा स्थित भाटीन पंचायत में मनरेगा योजना में जांचोउपरांत अनियमितता का मामला को लेकर वरीय अधिकारियों के समक्ष 12 सवाल उठाने वाले लोकपाल का सेवा विस्तार पर विराम लग गया है।इस बाबत ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव प्रमोद कुमार ने दिनाक 14 जून को इस बाबत पत्र जारी कर कहा है कि पूर्वी सिंहभूम के अतिरिक्त प्रभार के मनरेगा लोकपाल अरूणाभा कर अवधि विस्तार हेतु चयन समिति की बैठक में समीक्षा उपरांत चयन समिति द्वारा लोकपाल अरूणा भा कर को मनरेगा लोकपाल की अवधि विस्तार नही करने की अनुशंसा की है।इधर इस फैसले के खिलाफ पूर्वी सिंहभूम के लोकपाल अरूणाभा कर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि वे इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट का रुख करेंगेपूर्व में कई लोगो को दो साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद एक साल की सेवा विस्तार दी गई जबकि उनके साथ भेदभाव की गई जिसके पीछे जादूगोड़ा के भाटीन पंचायत के मनरेगा योजना से उनकी जांच रिपोर्ट में संबंधित अधिकारियों को 12 बिदुओ पर पूछे गए सवाल का जवाब आज तक नही मिला। उल्टे सेवा विस्तार पर रोक लग गई जबकि उन्होंने ईमानदारी के साथ जांच पूरी की। इधर भाटीन पंचायत के पूर्व मुखिया खेला राम मुर्मु ने कहा की पूर्वी सिंहभूम के लोकपाल श्री कर भाटीन पंचायत में जनहित में काम किया है। इस दौरान भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम किया है। जिनका सेवा विस्तार नही मिलना दुखद बात है।जिसको लेकर जिले के उपायुक्त से मिलेंगे व लोकपाल की 12 बिंदुओं पर मांगे गई सवाल का खुलासा करने की मांग करेंगे ताकि ग्रामीणों के प्रति न्याय हो।

## जर्जर सड़क निर्माण को लेकर विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जुगसलाई विस क्षेत्र के सभी जर्जर सड़क को लेकर जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखकर क्षेत्र में जर्जर सड़क निर्माण करने की अपील की है. उन्होंने जमशेदपुर प्रखंड में गोविंदपुर बाबा तिलका मांझी चौक से गदडा, रहरागोड़ा बाड़ीगोड़ा, सरजमदा, शंकरपुर, परसुडीह तक लगभग 8 से 9 किलोमीटर तक की सड़क के निर्माण एवं मरम्मती के लिए निवेदन की है। उन्होंने लिखा है कि इस परिधि क्षेत्र धनी आबादी वाला क्षेत्र है सड़क के जर्जर अवस्था होने से क्षेत्र के लगभग 25 पंचायत के लोग प्रभावित हो रहे हैं खासकर आपातकालीन स्थिति बच्चों को विद्यालय आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने आग्रह किया है कि सड़क के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाए।

## भाजपा कार्यकर्ता की बेटी की शादी में पहुंची नीलू मछुआ, दिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जमशेदपुर महानगर भाजपा की जिला मंत्री नीलू मछुआ ने बुधवार को पटमदा के आगुईडांगरा गांव निवासी भाजपा के बूथ अध्यक्ष सुनील रजक की बेटी की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। मछुआ ने बताया कि सुनील रजक पार्टी के कर्मठ और समर्पित सिपाही हैं। इसलिए सूचना मिलने पर पटमदा दौरे के क्रम में उनके घर पर शादी समारोह में शामिल हुई। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष निरंजन रजक आदि मौजूद थे।

## कल्पना सोरेन से मिले खरसावां विधायक दशरथ गागराई, गांडेय उपचुनाव में जीत पर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई एवं मझगांव विधायक निरल पूर्ति ने झारखंड के गांडेय विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन को रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर जीत की बधाई दी। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कल्पना सोरेन की इस सफलता ने न सिर्फ उनके राजनीतिक कैरियर को नया मोड़ दिया है। बल्कि झारखंड के महिला नेताओं के लिए एक प्रेरणास्रोत भी बनी है। उनकी जीत से झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूती मिली है। मौके पर मझगांव विधायक निरल पूर्ति भी शामिल थे।

# गौरांगकोचा में फंदे से झुलता हुआ एक लाश बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के गौरांगकोचा के पास पलास पेड़ पर कपड़ा के फंदे से लटकता हुआ एक 35 वर्षीय युवक का लाश मिला किया गया। ईचागढ़ पुलिस द्वारा लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक की पहचान नदीसाई टोला रांगाडीह निवासी अनादि हांसदा के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अनादि हांसदा का मां, पिताजी,भाई कोई भी नहीं है। वह अपने ससुराल गौरांगकोचा में दूसरी पत्नी के साथ रहता था। वह गम्हरिया में किसी कंपनी में मजदूरी का काम करता था। उसकी करीब 4 वर्ष की एक बेटी भी है। दुसरी पत्नी ने ईचागढ़ पुलिस को लिखित रूप से बताई कि मंगलवार की रात को शौच के लिए निकला और घर वापस नहीं लौटा। सुबह उसकी लाश पेड़ में लटकता हुआ मिला। पत्नी के अनुसार मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या बताया जा रहा है। एस आई माहती सिंकू ने बताया कि शौच के लिए रात को अनादि हांसदा घर से निकला था और बुधवार की सुबह को गांव से बाहर परिजनों को एक पलाश पेड़ पर कपड़ा से लटकता उसका लाश मिला । उन्होंने कहा कि सुचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई के लिए जांच किया जा रहा है।

## जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में राहुल गांधी के जन्मदिन पर कटा केक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी का 54 वॉ जन्मदिन का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडल पंचायत एवं अग्रणी विभाग संगठन के पदाधिकारी के अलावा काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। वरिष्ठ कांग्रेस के नेता एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने अपने संबोधन में राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें बधाई एवं शुभकामना दिया, साथ ही आशा व्यक्त किया कि राहुल गांधी जिस प्रकार से भारत के राजनीति में मुखर हुए हैं, ऐसा निकट भविष्य में वह हमारे देश के प्रधानमंत्री के रूप में नेतृत्व करेंगे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने जन्मदिन के अवसर पर केक काट कर बधाई दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश महामंत्री अजय सिंह, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, कमल किशोर अग्रवाल, बबलू दा, खगेनचन्द्र महतो, रियाजुद्दीन खान, चन्द्रभान सिंह, आनन्द मय पात्रा, अवधेश सिंह,ब्रजेन्द्र तिवारी,अरूण कुमार सिंह, संजय सिंह आजाद, रामदरस चौधरी, रजनीश सिंह, रेयाज खान, अतुल गुप्ता, पुनीता चौधरी, सीताराम चौधरी, ऊषा यादव, ज्योति मिश्र, ओमप्रकाश उपाध्याय आदि शामिल थे।

# बिज़नेस में सफल होने के लिए कस्टमर की सुनें व समस्या से करें प्यार : पारितोष आनंद

### - एक्सएलआरआई पीजीडीएम द्वारा सीएक्सओ सीरिज का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई जमशेदपुर में पीजीडीएम ( जीएम ) की ओर से सीएक्सओ सीरिज का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के चीफ डेटा साइंटिस्ट व डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के हेड पारितोष आनंद ने हिस्सा लिया. आनंद ने समस्या-समाधान के लिए एक डमी गाइड~ कुछ सिद्धांत जिन्होंने मेरे करियर में मेरी मदद की विषय पर अपनी बातों को प्रस्तुत किया. इस सत्र में 100 से अधिक छात्रों के साथ-साथ एक्सएलआरआई प्रबंधन के सदस्यों ने हिस्सा लिया. अपने संबोधन में श्री आनंद ने व्यापार जगत में डिजिटलीकरण समेत कई प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला. कहा कि तेल और गैस उद्योग, जो अपनी कठोरता के लिए जाना जाता है, डिजिटलीकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है. आनंद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर भी बात की. इस दौरान आनंद ने समस्या-समाधान के लिए दो महत्वपूर्ण मंत्र दिया जिसमें पहला मंत्र है धैर्यपूर्वक सुनना. कहा कि कोई व्यवसाय केवल ग्राहकों, कर्मचारियों और हितधारकों की बात सुनकर ही आगे बढ़ सकता है. दूसरा मंत्र है समस्या से प्यार करना. हर कोई समाधान देने को उत्सुक है।

# 25 वर्षो का शानदार सफर करीम सिटी मास कम्युनिकेशन विभाग ने किया पूरा

### - मास कम्युनिकेशन-वीडियो प्रोडक्शन कोर्स के बूते दर्जनों विद्यार्थी विभिन्न मीडिया संस्थानों में कर रहे काम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज का मास कम्युनिकेशन विभाग बिहार-झारखंड में मास कम्युनिकेशन-वीडियो प्रोडक्शन की पढ़ाई कराने वाला पहला शैक्षणिक संस्थान है। वर्ष 1997 में इसकी शुरुआत हुई थी। मास कम्युनिकेशन विभाग ने सफलता पूर्वक 25 वर्ष पूरे कर चुका है। शहर का इकलौता संस्थान जहां पर वीडियो प्रोडक्शन में विशेषज्ञता के साथ स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई होती है। 25 सालों में अब तक 1 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने मास कम्युनिकेशन में शिक्षा पाई और आज देश-विदेश के बड़े मीडिया संस्थानों में कार्यरत हैं।

**रांची विश्वविद्यालय से कोल्हान विवि तक का है सफर-:** करीम सिटी कॉलेज के यूजीसी के वोकेशनल कोर्स के तहत इसकी शुरुआत पहले रांची यूनिवर्सिटी में हुई। 2009 के बाद कोल्हान यूनिवर्सिटी से कोर्स को संबद्धता प्राप्त है। मीडिया पेशेवरों एवं मीडिया प्राध्यापकों के समन्वय से पढ़ाई कराई जा रही है। फिल्म के क्षेत्र में विशेष तौर पर फिल्म निर्माण की पढ़ाई पहली बार करीम सिटी कॉलेज के मास कम्यूनिकेशन डिपार्टमेंट से ही शुरु हुई। इसी का नतीजा है कि झारखंड और विशेष रूप से जमशेदपुर लघु फिल्म निर्माण का केंद्र बन गया है। विभाग में आधुनिक उपकरण व स्टूडियो से सुसज्जित डिपार्मेंट, बच्चों को हैंडस ऑन प्रैक्टिस की सुविधा से प्रैक्टिकल जानकारी मिलती है।

**तकनीक विकास से बढ़ रही नौकरियां-:** वर्तमान में मीड़िया सेक्टर में नौकरियां बढ़ रही है। पूर्व के न्यूजपेपर के प्रिंट डिवीजन के अलावे डिजिटल डवीजन में तेजी से नौकरियां बढ़ी है। हर मीड़िया हाऊस में डिजिटल कंटेंट क्रिएटर और राइटर की मांग बढ़ी है। हर मीड़िया हाऊस की वेबसाइट है। इसके साथ ही विभिन्न कंपनियों में भी कंटेंट क्रिएटर, पीआरओ जैसे पद सृजित हो रहे है। टीवी चैनल खुल रहे है। ऐसे में कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों के पास नौकरी के कई विकल्प है।

**एल्युमनाई से गौरान्वित है विभाग-:** जाने-माने फिल्मकार इम्तियाज अली विभाग के विशेष सलाहकार हैं। जिनकी अनुशंसा से उड़ान, दिल बेचारा और वह क्या दिन थे जैसी फिल्मों में मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों को काम करने का अवसर मिला है। इसके साथ ही यहां के छात्र रहे संतोष कुमार सीनियर मैनेजिंग एडिटर के पद पर कार्यरत है। रविकांत ओझा डिप्टी एडिटर एनडीटीवी नई दिल्ली और बसंत झा एसोसिएट न्यूज़ एडिटर एनडीटीवी नई दिल्ली में कार्यरत है। वहीं सौरभ सिन्हा, चैनल प्रोड्यूसर और हेड ऑफ़ प्रोडक्शन फर्स्ट पोस्ट है। अमित कुमार छाबड़ा एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर इंडिया टुडे ग्रुप में है। जबकि छात्रा नेहा वर्मा आर्या, आज तक डिजिटल में चीफ कॉरस्पॉडेंट, एंटरटेनमेंट है। इसी तरह से दर्जनों विद्यार्थी विभिन्न मीड़िया संस्थानों में कार्यरत है।

**नामांकन जारी, 75 प्रतिशत का डायरेक्ट एडमिशन-:** करीम सिटी मास कम्युनिकेशन विभाग में नामांकन जारी है। सीबीएसई, आईसीएसई, एनआईओएस और झारखंड बोर्ड में बारहवीं में 45 प्रतिशत लाने वाले बच्चे एडमिशन ले सकते हैं। वे किसी भी विषय आर्ट /साइंस /कॉमर्स में बारहवीं पास हो सकते हैं। वहीं बारहवीं में 55 प्रतिशत से ज्यादा अंक वाले विद्यार्थियों का सीधे नामांकन होगा। वहीं अल्पसंख्यक और एससी-एसटी छात्रों को छात्रवृति की भी सुविधा है, जो कि राज्य सरकार द्वारा दी जाती है।

# साकची में कांग्रेस ओबीसी सेल ने केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** बुधवार को साकची शहीद चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास कांग्रेस ओबीसी सेल के नगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में युवा दिलों की धड़कन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। साथ ही आम लोगों के बीच लडडू एवं जलेबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते कहा कि राहुल जी भारत के गरीबों, वंचितों और पिछड़े नागरिकों के निर्विवाद नेता हैं। मौके पर मौजूद धर्मेंद्र सोनकर, परितोष सिंह, विजय यादव, राकेश साहू, बबलू झा, एसआरके कमलेश आदि नेताओं ने भी अपने नेता राहुल गांधी को जन्दमदन की बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमलेश शर्मा, फिरोज खान, रेनू शर्मा, शशि आचार्य, अनामिका सरकार, सोनू उमर खान, संतोष सिंह, मुकेश सिंह, शाहिद इकबाल, प्रमोद कुमार, संजीव श्रीवास्तव, मनोज साहू, नीरज साहू, लव कुमार निराला, भूषण यादव, नमिता सिंह, राजकिशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी ने डिजिटल पहल की शुरुआत की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनियां अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड, नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का अनावरण करने के लिए उत्साहित हैं जो दूरदर्शी डिजिटल पहलों की एक श्रृंखला के माध्यम से निर्माण परिदृश्य को फिर से परिभाषित करेगी।अदाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के सीईओ अजय कपूर ने कहा, देश भर में और वैश्विक स्तर पर डिजिटल परिदृश्य के निरंतर विकास के साथ, हम निर्माण क्षेत्र की आवश्यकता को पूरी तरह से स्वीकार करते हैं ताकि अधिक कुशल और प्रभावी समाधान अपनाए जा सकें। हमारी डिजिटल यात्रा हमारे सभी हितधारकों को कुशलतापूर्वक सर्वश्रेष्ठ उत्पाद और समाधान प्रदान करने और नवाचार करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी की डिजिटल पहल प्रगति की एक किरण के रूप में उभरी है। पूरे डिजिटल परिदृश्य को आधुनिक बनाने की प्रक्रिया, साथ ही संयंत्रों को बढ़ाने के लिए एआई और आईओटी तकनीकों का उपयोग करना कंपनी की प्रगति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं की हुई समीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिले के विकास योजनाओं व जन कल्याणकारी योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में हुआ। बैठक में समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, पंचायती राज समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रमवार समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य के विरूद्ध योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं विशेष केन्द्रीय सहायता मद, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, अनाबद्ध निधि से भी संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी उपस्थित कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता से लिया। उन्होने कहा जो विकास योजनाएं पूर्ण हो चुकी है उसे संबंधित को हस्तांतरण करने का निर्देश दिया।गौरतलब है कि मंत्री सत्यानंद भोक्ता जिले के विकास योजनाओं व जन कल्याणकारी योजनाओं कि समीक्षा बैठक जिले के अधिकारियों के साथ करेंगे। मौके पर डीएमएफटी भवन परिसर से ही मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने हेतु जिला जन सम्पर्क कार्यालय, चतरा द्वारा तैयार किए गए नशा मुक्ति एलईडी प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया जाएगा। यह रथ जिले, अनुमण्डल, प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में घुम घुम कर मादक पदार्थों के दुरूपयोग को लेकर आमजनों को जागरूक करेगी। साथ ही मंत्री द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन, लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र एवं परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव समेत सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय खेल का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार एवं झारखंड शिक्षा परियोजना छात्र के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कप का आयोजन दूसरे दिन बुधवार को भी कराया गया। जिसमें 17 वर्ष के बालक बालिकाओं का मैच कराया गया। बालिकाओं में चार टीम में एवं बालकों में 6 टीमों ने भाग लिया। 17 वर्ष के बालक वर्ग में विजेता गंगा स्मारक प्लस टू हाई स्कूल विजेता 1-0, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकौण उपविजेजा एवं तीसरा स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी ने प्राप्त किया। इसके साथ ही साथ 17 वर्ष बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गिद्धौर विजेता 2-0 से बनी एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकौण उपविजेता एवं गंगा स्मारक उच्च विद्यालय तीसरा स्थान प्राप्त कियाप्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन कुमार पात्रा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह, नोडल खेल शिक्षक श्री दीपक कुमार, प्रेमचंद दास, सत्यम, वीरेंद्र तिर्की, मनय मुंडा, अमरेश कुमार संदीप कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार पांडेय, चंदन कुमार पांडेय, मंजू कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 21 जून को 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का होगा आयोजन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में मनाया जायेगा। इसके सफल संचालन हेतु उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार विकास भवन उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में करें योग रहें निरोग विषय पर चर्चा हुई। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में लोग जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पहुंच योग की महत्ता को समझे इसके लिए प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु तैयार किए रूप रेखा के बारे में बताया। बैठक में सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला प्रभारी पतंजलि कुमार विवेक, योग प्रशिक्षक धर्मदेव आर्य, विनोद प्रसाद, शौर्या कुमारी, प्रियंका सिंह, प्राचार्य एस एस गर्ल्स हाई स्कूल चतरा,जिला संयुक्त औषधालय के डाटा ऑपरेटर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अपनी पुत्री के साथ हुए बलात्कार के आरोपी संजय पांडेय को सजा दिलाने के पूर्व जिंदगी की जंग हारी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के फूलमती देवी उम्र 39 वर्ष की आकस्मिक निधन पर ग्रामीणों में शोक है। हालांकि परिजनों ने हजारीबाग से ईलाज करा कर लौटा था। इसी बीच अचानक मंगलवार को मौत हो गई है। मृतिका फूलमती देवी नाबालिक अपनी पुत्री के साथ हुए बलात्कार आरोपी संजय पांडेय को सजा दिलाने की तमन्ना अधूरी की अधूरी रह गई। जबकि अपनी पुत्री के साथ हुए बलात्कार मामले में केशकर्ता भी मृतक फूलमती थी। नित्य प्रतिदिन सजा दिलाने की बात करती रहती थी। किंतु किस्मत ने साथ नहीं दिया। हालांकि बलात्कार आरोपी संजय पांडेय की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य की जगह उनके पति एवं पुत्र शामिल हुए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति का बैठक बुधवार को आयोजित किया गया था। जिसमें प्रखंड के कर्मी सहित जनप्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिसमें प्रखंड के कर्मी सहित पदाधिकारीयो तो भाग लिए ही लेकिन नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य की जगह उनके पति एवं पुत्र शामिल हुए दिखे।जबकि सरकार द्वारा साफ-साफ विभागीय निर्देश प्राप्त है कि कोई भी कीमत में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति या पुत्र बैठक में भाग नहीं ले सकेंगे।लेकिन सरकार के निर्देश को ठेंगा दिखाते हुए मनमानी तरीके से बीडीसी की जगह पति-पुत्र शामिल हो कर सरकार द्वारा निर्देश की धज्जियां उड़ा रहे है। जिससे प्रखंड के कर्मी आसहज महसूस कर रहे हैं। नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ कर्मियों ने बताया कि हम लोग को बहुत सताया जाता है। बीडीसी की जगह पति-पुत्र मीटिंग में डांट फटकार सुनाते हैं। इस संबंध में पूर्व प्रमुख गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि पंचायत समिति की बैठक में निर्वाचित बीडीसी की जगह पर पति पुत्र को बैठक में शामिल किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार के निर्देशो को ठेंगा दिखाया जा रहा है। मैं उपायुक्त गढ़वा से मांग करता हूं की वैसे लोगों पर आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही पदाधिकारी को भी निर्देशित करते हुए उन पर भी कार्रवाई करें।जिससे पंचायती राज के माध्यम से सभी गरीब व्यक्ति तक विकास का किरण पहुंच सके, जो अंतिम पंक्ति में खड़े हैं।उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी का सपना था की पंचायती राज के माध्यम से छोटे-छोटे ग्राम पंचायत को पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा विकास हो सके।लेकिन आज मेरे प्रखंड में वैसा नहीं देखा जा रहा है। लगातार लोग भ्रष्टाचार का शिकार हो रहे हैं। लेकिन एक भी जनप्रतिनिधि उसे पर लगाम नही लगा पा रहे है।अपना पैकेट भरने में लगे हैं। मैं झारखंड सरकार से मांग करता हूं कि ऐसे लोगों पर चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करें।ताकि पंचायती राज व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके।

## संकुल संगठन के बीओडी सदस्यो का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस द्वारा गठित संकुल संगठन के बीओडी सदस्यों को संकुल संगठन के सामाजिक आर्थिक वित्तीय लेनदेन एवं सरकारी योजनाओं को सही तरीके से सफल संचालन के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसकी जानकारी देते हुए बीपीएम दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बरियातू प्रखंड में दो संकुल संगठन टोंटी आजिविका महिला संकुल संगठन एवं बारियातू आजिविका महिला संकुल संगठन का निर्माण पूर्व में ही किया गया था।जिसका रजिस्ट्रेशन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा कराया गया है जिसके उपरांत संकुल संगठन को बेहतर एवं आसान तरीके से कार्य करने के लिए प्रत्येक संकुल में 21 सदस्यों का एक टीम गठित किया गया है। जिसका नाम बीओडी है।इस प्रशिक्षण में सदस्यों को रोकैट खेल के माध्यम से संकुल की संरचना, भूमिका एवं जिम्मेदारी के बारे प्रशिक्षण दिया गया।सहकारी समिति लिमिटेड के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया गया। पंजीकृत संकुल का शासन प्रशासन के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया गया एवं संकुल का वित्तीय प्रबंधन एवं नियंत्रण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रशिक्षक संजीता मुहकल,पुनम कुमारी, एडमिन नितेश पैत, सीसी उत्तम कुमार, अनिल उरांव, अखिलेश कुमार सिंह, सत्येन देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी समेत बीओडी के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बाल बाल बचा बस




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पांडेय महुआ चौक के समीप चतरा चौपारण रोड में अचानक चतरा से टाटा रांची रामगढ़ जाने वाली गौतम बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना बुधवार की दोपहर की है। आग लगने से राहगीरों में हड़कंप मच गई। पांडेय महुआ के ग्रामीणों राहगीरों एवं दुकानदारों की मदद से आज पर काबू पा लिया गया। किसी तरह के कोई घटना नहीं हुई समय रहते सब कुछ बचा लिया गया। तथा बस जलने से भी बच गया है।

## अंचलाधिकारी विकास कुमार सिंह ने अंचल में दिया योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अंचल कार्यालय में बुधवार को नव पदस्थापित अंचलाधिकारी विकास कुमार सिंह ने योगदान किया.प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता ने विकास कुमार सिंह को अंचलाधिकारी का प्रभार सौंपा ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में ही विकास कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर रह चुके हैं.बताते चले की विकास कुमार की प्रतिनियुक्ति लोकसभा चुनाव से पहले ही नगर उंटारी में किया जा चुका था।लेकिन चुनाव के मद्देनजर वे अपना योगदान नही दे पाए थे। अचार संहिता समाप्त होते ही उन्होंने अपना योगदान अंचल में दिया है।मौके पर अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक प्रकाश कुमार, राजस्व कर्मचारी सह सीआई शंभूलाल रजक, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, हसन अंसारी, विद्या कुमार, धनन्जय कुमार, अजित कुमार, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, प्रमोद कुमार, मनोज दुबे सहित अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को किया गया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला अंतर्गत मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम उपस्थित रहें।इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रो में भ्रमण कर लोगों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग, मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।इस दौरान उप विकास आयुक्त ने बताया कि मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए जिले में 19 से 26 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जाना है। अभियान के तहत दो जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। जिसमें नुक्कड़ नाटक, रैली, कार्यशाला, संगोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग, स्पीच, प्रभात फेरी, चित्रांकन इत्यादि के माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूक किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इस अभियान के प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है, जिसके तहत जिला प्रशासन सहित गैर सरकारी संस्थानों, जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिला, प्रखंड तथा पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतू कार्य योजना बनाई गई है जिसमे सभी की सहभागिता आवश्यक है। अभियान के सफल क्रियान्वयन में जिला प्रशासन का सहयोग करें ताकि युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों की प्रति जागरूक किया जा सके।

## बरवाडीह प्रखंड कार्यालय ड्राई जॉन की चपेट में, पेयजल के लिए फरियादी परेशान

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार हो रहे अवैध उत्खनन उजड़ते जंगल पेड़ों की कटाई से जलवायु परिवर्तन नजर आ रहा है। जहां बिगड़ते वातावरण और तपती गर्मी ने जीवन को जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में प्रखंड के कई इलाकों में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है,जीवन त्राहिमाम हो गया है। देखें तो प्रखंड कार्यालय जिसे फरियादियों का घर माना जाता रहा है ड्राई जॉन की चपेट में आ गया है। सुत्र बताते हैं कि लगभग बीस से पच्चीस दिनों से प्रखंड कार्यालय को पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया जा रहा है कि बोर में पानी नहीं है जिससे दूर दराज के फरियादियों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है वहीं जार के पानी से ब्लॉक कर्मी अपनी प्यास बुझा रहे हैं। बता दें कि बुधवार को प्रखंड परिसर में शिक्षा विभाग के द्वारा साईकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें दूर दराज से आए स्कूली बच्चे पानी के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर का चक्कर काटते नजर आए, हालांकि बरवाडीह पंचायत सचिवालय के समीप जल मीनार के पानी से प्यास बुझाने में सफल रहे।

## असंतुलित बाइक पुल से टकराई, दो युवक घायल, रेफर

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य सड़क धड़धड़ी नदी पुल के समीप बुधवार को तेज रफ्तार से असंतुलित बाइक छोटी पुल से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों मे धर्मेंद्र अगरिया, पिता मोहन अगरिया, रमेश कुमार पिता बिशुन देव अगरिया दोनों पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह के रहने वाले हैं। दोनो घायलों को ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनकी प्राथमिक उपचार किया जिसमें गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र का बायां हाथ टूट गया स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर किया गया जबकि रमेश कुमार को हल्की चोट लगी है दुर्घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार बरवाडीह के शहीद चौक से अपने घर नावाडीह जा रहे थे।वही बरवाडीह पुलिस ने घटना स्थल से क्षति ग्रस्त बाइक अपने कब्जे में ले लिया है।

# जलमीनार खराब होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए हो रही है परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना के तहत लातेहार जिले के सभी पंचायत के गांव-गांव टोला -टोला में जल मीनार एवं बोरिंग का निर्माण कराया गया ताकि लोगों को पानी कि किल्लत ना झेलना पड़े,लेकिन धरातल पर देखा जाए तो अधिक से ज्यादा जलमीनार खराब मिलेंगे ।जिसका नतीजा है कि अधिक ज्यादा गांव के ग्रामीणों को पानी के लिए दर-बदर भटकना पड़ रहा है ।एक ऐसा ही मामला लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप कोड़ास ग्राम का है जहां पिछ्ले तीन साल से जलमीनार खराब पड़ा है। वहीं जुलाब खान, इदुल खान, अहमद खान, सकीला विबी, नेहुर खान, बानो खातून समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 4 वर्ष पहले मुखिया फंड से जल मीनार का निर्माण कार्य कराया गया था जो की एक वर्ष में ही मोटर खराब हो गया है। जिसका नतीजा है कि आज हमारे मां बेटी बहनों को पानी के लिए दर बदर भटकना पड़ रहा है और किसी की निजी चापाकल से किसी के घर जाकर लाना पड़ रहा है।कुछ ऐसे भी लोग हैं जो हम लोगों को पानी भी लाने नहीं देते हैं। इस प्रचंड गर्मी में हम लोगों को सोचना पड़ता है कि पानी कहां से लाऊं। जबकी इस समस्या को लेकर मुखिया को कई बार बोला लेकिन मुखिया ने एक नहीं सुनी। टालमटोल करते रहे। आगे उन्होंने जिले के उपायुक्त से जलमीनार ठीक कराने की गुहार लगाई है।

**क्या कहते हैं पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता**

दीपक कुमार महतो से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है जल्द से जल्द जलमीनार को ठीक करा दिया जाएगा।

# उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत 250 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण

**अवेवस्था का अभाव देखकर भड़के उप प्रमुख**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बुधवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय प्लस टू में कार्यक्रम का आयोजन कर आठवीं पास स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इसके लिए बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के झाबर, बुनियादी विद्यालय बालूमाथ, शेरेगड़ा, आरा, चमातु, गनेशपुर, भैसादोंन, भगिया, मुरपा समेत कई विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बुलाया गया था ।मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव, प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी निर्मला लता, प्रधानाचार्या रूबी बानो, बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम के द्वारा 250 छात्र-छात्रओ के बीच साइकिल का वितरण किया गया । मौके पर जानकारी देते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि बालूमाथ में कुल 600छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया जाना है ।जिसमें से 250 बच्चों के बीच आज सायकिल वितरण कर दिया गया । वही आयोजित कार्यक्रम में व्यवस्था का अभाव देखकर बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम भड़क उठे ।उन्होंने विद्यालय और शिक्षा विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यक्रम को लेकर दूर-दराज 20 से 25 किलोमीटर दूर के छात्र-छात्राओं को बुलाया गया है ।जिसके लिए ना तो टेंट की व्यवस्था की गई है और ना ही पानी की ।जिस कारण बच्चे 42 डिग्री के इस चिल-चिल्लाती धूप में खड़े रहने को विवश है ।अगर कोई घटना घट जाती है तो इसकी जवाब देही किसकी होगी ।बाद में उन्होंने अपने निजी कोष से पानी की व्यवस्था कराया और इसकी शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही ।

## ढाबा पर खड़ा ट्रक चोरी

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया रेलवे ओवरब्रिज स्तिथ झारखंड ढाबा के पास खड़े 12 चक्का ट्रक जेएच 02 एडब्लू2424 की चोरी सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने कर लिया । इस सबंध में ट्रक मालिक तिलकधारी साव ग्राम नगडा थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया की मैंने अपना ट्रक प्रदीप कुमार यादव पिता महावीर यादव ग्राम नगडा को चलाने के लिए 6 माह से ऑथराइजेशन पर दिया था। सोमवार की देर रात प्रदीप कुमार यादव का फोन आया कि ट्रक चोरी हो गया है। इसके बाद मैं ट्रक ड्राइवर और खलासी से पूछा तो उसने बताया कि ट्रक को निरसा धनबाद से कोयला खाली करके बीते 16 जून को झारखंड ढाबा में खड़ा किया हुआ था ।जहाँ तबीयत खराब होने के कारण दोनो घर चला गये और चाभी प्रदीप यादव को दे दिया था । वही पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

## विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सिकल सेल अनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जांच शिविर का किया गया आयोजन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सिकल सेल अनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत उच्च विद्यालय रमना में सिकल जांच शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया।जिसमें 300 छात्रों का अनीमिया जांच ड्रा रामानुज प्रसाद की स्वास्थ्य टीम ने किया। इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्य पदाधिकारी रामानुज प्रसाद ने छात्रों को अनीमिया के लक्षण, अनीमिया का प्रभाव, अनीमिया के रोगी को क्या करना चाहिए और क्या नही करना चाहिए संबंधित विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित को पीलापन दिखाई देना, बार-बार बीमार होना, थकान, बुखार, सूजन तथा कमजोरी महसूस होता है। जिससे पीठ ,पेट व छाती में दर्द होता है।रोग ओरतिरोधक क्षमता घाट जाता है।उन्होंने बताया कि रोगी को अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए, डाक्टर की सलाह से फॉलिक एसिड की गोली लेना चाहिए। उल्टी तथा शरीर से अधिक पानी निकलने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोगी को संतुलित आहार लेना चाहिए।रोगी को प्रत्येक तीन महीने पर हीमोग्लोबिन तथा स्वेत रक्त कणिकाओं की जांच करा लेना चाहिए।

# मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त ने किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस निमित्त आज समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक प्रेरणा दीक्षित के द्वारा हजारीबाग नशा मुक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता रॉय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार उपस्थित रहें।इस दौरान उप विकास आयुक्त नें कहा कि, मादक निषिद्ध पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, विभिन्न



जागरूकता कार्यक्रम जिसमें बाजार-हाट आदि में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यालय स्तर पर क्विज व निबंध लेखन आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं संचालित की जाएगी। जिसमे सभी की सहभागिता आपेक्षित है। उन्होंने कहा की अभियान के सफल क्रियान्वयन में प्रशासन का सहयोग करें ताकि युवा वर्ग तथा अगली पीढ़ी को नशा की क्षेत्र में जाने से रोजा जा सकें साथ ही मादक प्रदार्थों के सेवन के दुरुपयोग से लोगो को अवगत कराया जा सकें।

**नशे को ना, जिंदगी को हाँ**

♦ 18 वर्ष से कम आयु को मादक पदार्थ की बिक्री गैरकानूनी है।

♦ शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के क्षेत्रफल में मादक पदार्थ की बिक्री गैरकानूनी है।

♦ मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करना अपराध है।

♦ नशीले पदार्थ की गैर कानूनी तरीके से खेती दण्डनीय अपराध है।

♦ नशीले पदार्थ का उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन उपयोग दण्डनीय अपराध है।

♦ कठोर सजा का है प्रावधान

♦ बीस साल तक की हो सकती है सजा।

♦ दो लाख या इससे अधिक का हो सकता है जुर्माना।

**कुछ मामलों में मृत्युदंड भी दिया जा सकता है।**

♦ मादक पदार्थ/अफीम की खेती से जुड़ी कोई भी सूचना टोल फ्री नम्बर 112 पर दीजिये।

♦ ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन का साथ दीजिये।

♦ आपके द्वारा दी गयी जानकारी पर त्वरित कारवाई होगी आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

## आभार यात्रा के क्रम में मनीष जायसवाल का पतरातु और भुरकुंडा में हुआ जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल चुनाव जीतने के तुरंत बाद से ही क्षेत्र के विभिन्न इलाके में धन्यवाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग का प्रतिनिधित्व सौंपने के लिए मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनका आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को वे रामगढ़ जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातु प्रखंड स्थित पतरातु, भदानी नगर और भुरकुंडा भाजपा मंडल के एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों का तूफानी दौरा कर मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनका आभार जताया। इस दौरान कहीं विकास योजनाओं की आधारशिला रखी तो कहीं विस्थापितों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत पतरातु डैम स्थित सर्किट हाउस के समीप से किया।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों का किया गया सेवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सेवा भाव के कार्य के लिए हर कोई हर समय तैयार रहता है इसी सेवा भाव के कार्यो को पिछ्ले दो वर्षो से निरंतर रूप से हजारीबाग यूथ विंग की टीम कर रही है, बुधवार को हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा एसपी कोठी स्थित ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के बीच अपनी सेवा प्रदान किया गया, इस सेवा के बीच बुजुर्गो को फल का वितरण किया गया। सभी बुजुर्गों के चेहरे पर एक अलग खुशी और उमंग देखने को मिली,सभी बुजुर्गो ने अपना भरपूर आशीर्वाद सभी लोगों को दिया। सभी लोगो ने कई मिनट तक सभी से उनके सुख-दुख तथा उन्हें हो रही परेशानियों का घर जैसा वार्तालाप किया। अंत में सभी के साथ एक सामूहिक तस्वीर ली गई और सभी के



उत्तम स्वास्थ्य की सभी ने कामना की। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हम कोई भी खुशी इन बुजुर्गो के साथ अवश्य मानते हैं चाहे वह होली हो चाहे वह दिवाली हो या कोई अन्य त्यौहार या जन्मदिवस इन्हीं खुशियों के बीच इनके संग खुशियां मनाने हम सभी आते हैं। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की ऐसे स्थान पर सेवा करने से मन काफी प्रश्न और प्रभावित होता है, इनका आशीर्वाद समस्त लोगों पर बनी रहे, हमारे टीम के सभी लोग भी इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए, इससे पूर्व में कई बार यहां पर आया हूं परंतु कुछ दिन पूर्व होली का त्योहार यहां पर मनाने आया था काफी अच्छा अनुभव हुआ मुझे और आज भी काफी अच्छा लगा।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर की मरीजों की सेवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस कार्यालय में रायबरेली से नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह समेत कई नेता गण और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने मिलकर राहुल गांधी का जन्म दिवस उत्साहपूर्वक मनाया।कार्यक्रम के पश्चात मुन्ना सिंह अपने समर्थकों के साथ शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने मरीजों के बीच फल और बिस्किट आदि का वितरण किया और उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, निशार ख़ान, कृष्णा मेहता, विनोद कुशवाहा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नीति आयोग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने दिल्ली गई कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नीति आयोग नई दिल्ली ने आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रशिक्षण हेतु कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता को जिला प्रशासन की अनुसंशा से झारखंड सरकार ने नामित करते हुए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन नई दिल्ली में दो दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए नामित किया है।कुमारी बिनीता ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश के कुल 264 प्रखण्ड प्रमुख में मात्र तीन प्रमुख को नामित किये है जिसमें प्रथम स्थान पर कटकमदाग प्रखण्ड प्रमुख तथा रांची जिले के मांडर प्रमुख तथा गुमला जिले के डुमरी प्रखण्ड प्रमुख को यह सुनहरा अवसर प्रदान किया गया है।कुमारी बिनीता ने यह भी कहा कि झारखण्ड में पंचायती राज





अधिनियम में उल्लेखित सभी अधिकारियों को प्रभार सौपा जाय ताकि झारखण्ड प्रदेश में पंचायत राज व्यवस्था को शसक्त बनाने में कोई कमी न रहे।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य सचिवों की दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। मुख्य सचिवों का यह तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया था ।केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय बजट 2022-23 में इन पहलुओं को शुरू करने की अपनी मनसा की घोषणा की गई थी,जिसका उद्देश्य विभिन्न विकास मानकों पर पिछ्ले ब्लॉकों के प्रदर्शन में सुधार करना तथा ब्लॉक स्तर पर शासन एवं अंतिम छोर तक सेवा वितरण में सुधार करके विभिन्न असमानताओं को दूर करना है। यह कार्यक्रम मौजूदा योजना के अविश्रवण तथा परिणामों को परिभाषित में निरंतर आधार पर उनकी निगरानी करके भारत के सबसे दुर्गम और विकसित ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए शासन में सुधार करने पर केंद्रित है।

## झुंड से बिछड़े हाथी ने एक घर को किया ध्वस्त



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत महुगाई कला पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बलोदर में बीती रात झुंड से बिछड़े हाथी ने रविंद्र महतो के घर को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे 50 किलो चावल, 1 क्विंटल गेंहू, 70 किलो आलू सहित अन्य खाद्य सामग्री को भी हाथी चट कर गया। रविंद्र महतो ने कहा के हम लोग घर से बेघर हो गए हैं। इतनी गर्मी में रहने का भी कोई ठिकाना नहीं है। उन्होंने वन विभाग से आग्रह किया के क्षति का आंकलन कर जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति किया जाए ताकि दोबारा से हम अपना घर बना सकें। प्राप्त सूचना के अनुसार हाथी अभी जुगल राणा घाटी और बेस के बीच में विचरण कर रहा है।

## 22 जून को आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को शहादत दिवस के रूप में मनाया जाएगा



**बड़कागांव :** प्रखंड के गुरु चट्टी स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में आगामी 22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस मनाने की तैयारी को लेकर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसका संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं एक स्वर में कहा कि आने वाले 22 जून को पार्टी का स्थापना दिवस को शहादत दिवस के रूप में मनाएंगे। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन से उपजी हुई पार्टी है और इसकी पहचान हमेशा आंदोलन के नाम से होता है।

## देह व्यापार का पर्दाफ़ाश, दो महिला गिरफ्तार

**हजारीबाग :** हजारीबाग के बड़ा बाजार ओ पी क्षेत्र अंतर्गत हुरहुरु बाबा पथ के एक घर मे चल रहे देह व्यापार पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है. इस संबंध मे बड़ा बाजार ओ पी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बाबा पथ के एक घर मे देह व्यापार का धंधा चल रहा है जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी गई जिसके बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर बाबा पथ के उक्त घर पर छापामारी कि गई. पुलिस को देखते ही घर से दो व्यक्ति फरार हो गए वहीं घर से दो महिला व दो लड़की को बरामद किया गया. लड़कियों से पूछताछ करने पर पता चला की उन्हें बहला फुसलाकर नौकरी दिलाने के नाम पर जबरदस्ती देह व्यापार करवाया जा रहा था. पुलिस ने उक्त घर से देह व्यापार से संबंधित कई वस्तु बरामद की है.

## बरही में राहुल गांधी का ओबीसी कांग्रेस ने मनाया जन्मदिन, काटा केक



**बरही :** ओबीसी कांग्रेस की ओर से बरही के जवाहर घाटी डैम के फॉरेस्ट भवन के पास राहुल का जन्मदिन केक काटकर बनाया। मौके पर जिला ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक गुप्ता की अगुवाई में राहुल गांधी के नाम का केक काटा गया। उनके साथ कांग्रेस सोशल मीडिया के जिला कॉर्डिनेटर उदय केसरी, ओबीसी के जिला महासचिव सुनील साहू, युवा कांग्रेस के बरही विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड सचिव यमुना यादव, सेवा दल के शरीफुल हक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघु गोप, गाजो यादव आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## बड़कागांव की चार महिला पर्यवेक्षिकाओ को दी गई भावभीनी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में बड़कागांव की चार महिला पयर्वेक्षिकाओं का एक साथ विदाई समारोह का आयोजन सेविका संघ के द्वारा किया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मालती कुमारी एवं संचालन कुमकुम देवी ने किया। सेविका संघ के सदस्यों ने बुके, माला, पारितोषिक व अंग वस्त्र देकर विदाई किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मालती कुमारी ने कहा कि हम सभी के साथ समन्वय बनाकर कार्य किए हैं और हम सभी को बहनों की तरह व्यवहार कर हर कार्य को करने में सफलता मिली है। आज इन लोगों के साथ 19 वर्षो का अनुभव साझा किया। महिला पयर्वेक्षिका पूजा राय ने कहा कि 19 वर्षो का कार्यकाल बहुत लंबा अनुभव आप लोगों के बीच रहकर कार्य करने का रहा और कार्य कराने में हम सभी सफल रहे। जब टीम भावना के साथ कोई कार्य होता है तो जटिल से जटिल कार्य आसानी से हो जाता है। मौका मिला तो फिर आप लोगों के बीच जाकर कार्य करने का प्रयास करूंगी। महिला पर्यवेक्षिका अनुराधा पासवान ने सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ा दुख हो रहा है आप लोगों से अलग होकर दूसरी जगह जा रहे हैं जिसका बड़ा अफसोस हो रहा है लेकिन सरकारी नौकरी में ट्रांसफर पोस्टिंग होना विभाग का अभिन्न अंग है। पर्यवेक्षिका रुखसाना परवीन ने सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से प्रखंड के विभिन्न पंचायत में जाकर हमें कार्य करने का अनुभव मिला जो जीवन की सफलता का एक कड़ी है।

## फागू बेसरा ने सीसीएल सीएमडी से औपचारिक मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** सीसीएल मुख्यालय रांची दरभंगा हाऊस में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, यूनियन लीडर कुमार महेश सिंह,एवं अभिषेक कुमार, ने सीसीएल सीएमडी नेलुंदू कुमार सिंह, से औपचारिक मुलाकात किया। साथ ही सीसीएल हजारीबाग एरिया के तापिन साउथ के रैयत रामकिशोर मुर्मू , संजय मुर्मू, जगदीश मांझी, गणेश मांझी, जीबलाल मुर्मू ने भी सीसीएल सीएमडी से मुलाकात कर जमीन के बदले जल्द से जल्द नौकरी देने कि बात रखी। एवं पुनर्वास को लेकर अपनी बाते रखी। मौके पर दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा ने सीसीएल सीएमडी को अवगत कराते हुए बताया कि सीसीएल कुजू एरिया, सहित सीसीएल के अन्य जगह बंद पड़ी परियोजनाओं को जल्द चालू कराने का आग्रह किया। साथ ही सीसीएल के सभी परियोजनाओं के रैयतों को रैयती भूमि एवं जोत आबाद कर रहे गैरमजुरवा भूमि के बदले अविलंब नौकरी देने कि बात कही एवं सीसीएल के सभी परियोजनाओं में रह रहे रैयतों का सर्वे कर पुनर्वास नीति के तहत पुनर्वास की व्यवस्था दिया जाए। मौके पर सीसीएल सीएमडी नेलुंदू कुमार सिंह ने रैयतों को विश्वाश दिलाया कि आप सभी रैयत नौकरी के लिए आवेदन करे। प्रबंधन की ओर से प्राप्त आवेदनों पर विलंब नहीं होगी। चार से पांच महीने के अंदर नौकरी दिया जाएगा ।

## राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय कार्यालयों के लिए नए दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दामोदर घाटी निगम की परियोजना में बुधवार को हिन्दी की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विभिन्न कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों हेतु आयोजित की गई थी । कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक पूर्वी क्षेत्र निर्मल कुमार दुबे एवं विशिष्ट अतिथि संजय कुमार, निदेशक भूसंवि व परियोजना प्रमुख एवं अध्यक्ष, राभाका समिति अमित कुमार शील, उप मुख्य् अभियंता, टीएससी डॉ अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, दाघानि चिकित्सुलय दाघानि हजारीबाग थें।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।संजय कुमार, निदेशक भूसंवि व परियोजना प्रमुख ने राजभाषा अनुभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए उप प्रबंधक राजभाषा से आगे भी इसी तरह की कार्यशाला अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु भी आयोजित करने की कामना की जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में कार्यालयी कार्य करने का उत्साह बना रहे।अमित कुमार शील ने राजभाषा अनुभाग, हजारीबाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की एवं इसे इसी तरह बरकरार रखने की अपील की ताकि दामोदर घाटी निगम में सभी कार्यालयी कार्य हिन्दी में होता रहे ।

## सुब्रतो कप फुटबॉल मैच संपन्न, कस्तूरबा गांधी और करियातपुर बने विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखण्ड स्तरीय इंटर स्कूल सुब्रतो कप फुटबॉल मैच में बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बरसोत और बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर की टीम विजेता बनी। अंडर 17 इंटर स्कूल सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन बीपीएम अरुण कुमार, बीएसए के सरंक्षक अब्दुल मन्नान वारसी, प्रधानाध्यापक रविकांत ओम, डॉ. सुनील यादव, शिक्षक मथुरा प्रसाद, बमबम कुमार राम, विजय कुमार दास, प्रदीप मौर्य, अश्विनी श्रीवास्तव, रोशन कुमार, किशोर कुमार, चंचल कुमार, दिलीप कुमार, बीआरसी के सुरेंद्र कुमार, पंकज कुमार, रविशंकर चौरसिया, रामकृपाल राम और तेजनारायण प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। बालक वर्ग में उच्च विद्यालय खोड़ाहार, प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा, उच्च विद्यालय विजैया, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही और उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर की टीम ने भाग लिया। वहीं बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय ने भाग लिया। बालक वर्ग में पहला मैच विजैया और बरही के बीच, दूसरा मैच गौरियाकरमा और खोड़ाहार के बीच और



तीसरा मैच करियातपुर और विजैया के बीच खेला गया। बालिका वर्ग में फाइनल मैच कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के बीच खेला गया। कस्तूरबा विद्यालय बरसोत की टीम प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बरही को 2-0 से हराकर विजेता बनी जबकि उपविजेता प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की टीम बनी। बालक वर्ग का फाइनल मैच उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर और परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा के बीच खेला गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर की टीम ने परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा को 3-0 से पराजित कर विजेता बनी वहीं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा की टीम उपविजेता बनी।

## विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो ने लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक की

**लोकसभा की गलती विधानसभा में नहीं होना चाहिए-संजीव बेदिया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक बुधवार को झामुमो जिला कार्यालय में हुई. अध्यक्षता झामुमो केंद्रीय सचिव सह जिला मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने की व संचालन जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो ने किया. संजीव बेदिया ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव में हमलोगों ने जोरदार तरीके से इंडी गठबंधन उम्मीदवार जयप्रकाश भाई को समर्थन दिया. अब पांच माह बाद झारखंड विधानसभा का चुनाव होना है. इस चुनाव को लेकर हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर लग जाना है और झारखंड में झामुमो गठबंधन की मजबूत सरकार बनाना है. जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के बूथों को मजबूत करना है. लोकसभा चुनाव की गलती विधानसभा में नहीं होना चाहिए. श्री बेदिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाये. नीलकंठ महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रखी है उसका लाभ जनता उठाये. झामुमो युवा नेता गौरव पटेल ने कहा कि 2024 में पार्टी झारखंड में मजबूत सरकार बनायेगी. समीक्षा बैठक में चुरचू प्रखंड अध्यक्ष दीपनारायण महतो, डाडी प्रखंड अध्यक्ष लखनलाल महतो, विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपितदेव चौधरी, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल सिंह, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश पासवान, कटकदाग प्रखेड अध्यक्ष सुलेंद्र बांडो सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल थे.

## मामस कतरास ने एक जरूरतमंद महिला को आर्थिक सहयोग कर रोजगार से जोड़ा




**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा के तत्वावधान में बुधवार को कतरास पचगढी बाजार ज्ञान शिशु मंदिर स्थित आनंद मोहल्ला में एक जरूरतमंद महिला एवं उसके दिव्यांग बच्चे के सहयोग में मारवाड़ी महिला समिति ने अपने सहयोग से एक छोटा सा दुकान खुलवाया गया। दुकान का उद्घाटन ज्ञान शिशु मंदिर के प्राचार्य भारती केसरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्ष ऋतु अग्रवाल ने बताया कि आनंद मोहल्ला की रहने वाली रेखा पाल की माली हालत अच्छी नहीं है। ऊपर से एक दिव्यांग पुत्र भी है, उसका भी लालन-पालन करना है। इस बात की जानकारी समिति को लगी तो समिति के लोगों ने इन्हें आर्थिक सहयोग करने के लिए एक छोटा सा दुकान समिति के सहयोग से खुलवाया गया है ताकि महिला को रोजगार से जोड़ा जा सके और आगे उनकी आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हो। मौके पर ऋतु अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, संगीता जलान, राखी चौधरी, मीणा अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, दीपा अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।

## ऐतिहासिक जीत पर ढुल्लू महतो को सिम्फर आवासीय कॉलोनी में सम्मानित किया जाएगा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को धनबाद सिम्फर के नियमित एवं चिन्हित कर्मचारियों का एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल झारखण्ड रानीगंज कोलफिल्ड विस्थापन एवं प्रर्यावरण संरक्षण मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी के निवास राजगंज में पहुंचे। उन्होंने नव निर्वाचित धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो को सिम्फर आवासीय कालोनी में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के उपलक्ष्य में नागरिक अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए तिवारी को सिम्फर के सभी कर्मचारियों ने भाजपा सांसद से सम्पर्क के लिए अधिकृत किया। मौके पर सिम्फर के राजेश तिवारी, बासुदेव मुखर्जी, राम ओझा, रितेश कुमार, असित मंडल समेत अन्य कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने किया राज्य बैठक का ऐलान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा द्वारा 23 जून 2024 को एक मांग वेतनमान को लेकर राज्य बैठक मोराबादी रांची में किया जाना है। उक्त बैठक की जानकारी मोर्चा के राज्य सदस्य सुशील कुमार पांडे ने दी। उन्होंने कहा वर्तमान हेमंत सरकार चुनाव से पूर्व अपनी संकल्प पत्र में लिखा है कि जेएमएम और महागठबंधन की सरकार राज्य में आते ही तीन माह के अंदर झारखंड राज्य के सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाएगा।



परंतु वर्तमान सरकार अब शेष कार्यकाल केवल चार महीनो की बची है परंतु अपने संकल्प पत्र मे लिखे और वेतनमान के वायदे को अब तक पूरा नहीं किया गया जिससे राज्य के 62,000 सहायक अध्यापकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पांडे ने कहा निश्चित रूप से राज्य बैठक कर झारखंड में तमाम जिलों के अगुवा साथियों, मोर्चा के सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक निर्णय लेकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। यदि वर्तमान सरकार सहायक अध्यापकों को वेतनमान देकर अपना वादा पूरा नहीं करती है तो निश्चित रूप से रघुवर दास पूर्व सरकार की भांति वर्तमान सरकार का भी चुनावी समीकरण बदलने के लिए राज्य के 62 हज़ार सहायक अध्यापक परिवार सक्षम है।

## जेएसएलपीएस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार द्वारा आहुत ''नशा मुक्ति अभियान'' के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) ने सभी 10 प्रखण्डों में नशा मुक्ति अभियान चलाया। इस दौरान आजीविका सखी मंडल की सदस्यों ने जगह-जगह नशा मुक्ति को लेकर प्रचार प्रसार किया और लोगों को शराब के सेवन, धुम्रपान से बचने की सलाह दी। उन्होंने ''नशा छोड़ो-परिवार बचाओ'', ''नशा छोड़ें-जीवन अपनाएं'' जैसे नारों के साथ रैली निकाली। कई जगहों पर लोगों को नशे की ओर आकर्षित नहीं होने की शपथ दिलाई। साथ ही लोगों को समझाया गया कि नशे की लत उनकी जिंदगी के साथ उनके पूरे परिवार को बर्बाद कर सकती है।

### मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना

# किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरुक करना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

**19 जून से 26 जून 2024 तक चलाया जाएगा मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता कार्यक्रम**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोगकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में पत्रकार बंधुओं की भूमिका भी अहम है। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु संदेश लोगों तक पहुँचाना भी हमारा उद्देश्य है।

उपायुक्त ने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है, जिसके तहत जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण, जनसम्पर्क कार्यालय जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन के अलावा सभी जिले वासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं।

## सतपाल सिंह ब्रोका ने नगर आयुक्त से भेंट कर सौंपा ज्ञापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह के आवासीय कार्यालय में प्राप्त हुए जन समस्याओं के आवेदन के आलोक में उनका निराकरण सुनिश्चित करने हेतु कार्यालय प्रभारी सतपाल सिंह ब्रोका ने नगर आयुक्त रविराज से मिल कर सकारात्मक वार्ता कर जन समस्याओं का पत्र सौंपा। ज्ञापन में धनबाद जिले में खराब पड़े चपकालों की मरम्मती, धनबाद क्षेत्र में नियमित रूप से जलापूर्ति, कई क्षेत्रों में एक्सटेंशन कर पाइप जोड़कर सार्वजनिक नल देने जलापूर्ति, पर्याप्त प्रेशर के साथ हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा झामडा की और से झरिया अंचल के क्षेत्र में एक दिन छोड़कर के लचर जलापूर्ति में सुधार तथा पूर्व के जलकर में 50त्न रियायत संबंधित बातें मांगे प्रमुख थी। कुछ उपभोक्ताओं के द्वारा मोटर लगा कर पानी खींच लेते हैं जिससे अन्य उपभोक्ताओं को पानी नहीं मिलता। वैसे मोटर लगाने वाले उपभोक्ताओं की पहचान कर प्रशासनिक कार्रवाई किया जाए तथा जलापूर्ति पाइपलाइन के लीकेज को मरम्मत किया जाए।

## ओबीसी कोल एंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव का धनबाद में जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव जय बहादुर सिंह यादव का स्वागत धनबाद में ओबीसी बीसीसीएल /ईसीएल /सीसीएल मीडिया राम नारायण, आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव मदन राम और अध्यक्ष अशोक महतो, दिनेश कुमार यादव ने जोरदार तरीके से किया गया। श्री यादव कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता में कोल इंडिया अध्यक्ष सह चेयरमैन से मिल कर ओबीसी पदाधिकारी ने अपनी बातों को रखा है। सिंगरौली लौटने के दौरान यादव धनबाद संगठन कार्य के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ओबीसी 27त्न को आरक्षण दिया जाना एवं वर्ष 2018 से वर्ष 2022 के बीच मेडिकल बिल पर काटे गए टैक्स की वापसी जो करोड़ों रुपए में है। एसेंशियल के द्वारा वापस करना और 30 लख रुपए होम लोन एडवांस को बहाल करना जो मात्र सीसीएल के अधिकारी को ही मिल पाया है। अभी कंपनियों में 30 लाख रुपए देने की व्यवस्था नहीं हो पाई है जिसे देखकर चेयरमैन के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द 30 लख रुपए देने अधिकारी एवं कर्मचारी अपना मकान खरीद पाएंगे। साथ ही कोल इंडिया एजेंडा की बैठक की गई है जिसमें सभी कंपनी के अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित हुए एवं सभी अनुसांगी कंपनी के ओबीसी ऑफिसर उपस्थित रहे और सभी के द्वारा मांगो को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मुख्यालय बैठक में मुख्य तौर पर कॉल इंडिया अध्यक्ष गुलाब सिंह, कोल इंडिया महासचिव जय बहादुर सिंह यादव एवं सभी सब्सिडियों के अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहे। चेयरमैन के द्वारा दिए गए आश्वासन से ओबीसी पूर्ण रूप से आश्वस्त है कि ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण एवं 30 लख रुपए होम लोन एडवांस एवं एनसीएल के द्वारा मेडिकल बिल पर काटे गए टैक्स की वापसी वर्ष 2018 से बुद्ध वर्ष 2022 का किया जाएगा।

## 9 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** Diploma-Certificate entrance competitive E&amination (PE/PM/PMM)-2024 के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा 09 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है-1. गाड़ी सं. 03397/03398 पटना-गया-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 03397 पटना-गया अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 22 एवं 23 जून, 2024 को पटना जं. से 01.00 बजे खुलकर उसी दिन सुबह 04.00 बजे गया पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03398 गया-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 22 एवं 23 जून, 2024 को गया से 20.00 बजे खुलकर उसी दिन 23.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 03205/03206 पटना-डीडीयू-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल (आरा-बक्सर-दिलदारनगर के रास्ते) - गाड़ी सं. 03205 पटना-डीडीयू अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 22 एवं 23 जून, 2024 को पटना जं. से 01.00 बजे खुलकर उसी दिन सुबह 05.00 बजे डीडीयू पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03206 डीडीयू-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 22 एवं 23 जून, 2024 को डीडीयू से 19.30 बजे खुलकर उसी दिन 23.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

3. गाड़ी सं. 03669/03670 पटना-डीडीयू-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल(जहानाबाद-गया-अनुग्रह नारायण रोड-डेहरी ऑन सोन-सासाराम के रास्ते)-गाड़ी सं. 03669 पटना-डीडीयू अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21 एवं 23 जून, 2024 को पटना जं. से 21.00 बजे खुलकर 23.50 बजे गया रूकते हुए अगले दिन सुबह 05.00 बजे डीडीयू पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03670 डीडीयू-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 22 एवं 24 जून, 2024 को डीडीयू से 19.30 बजे खुलकर देर रात्रि 00.05 गया रूकते हुए सुबह 03.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

4. गाड़ी सं. 03202/03201 पटना-कटिहार-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल-गाड़ी सं. 03202 पटना-कटिहार अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 22 एवं 23 जून, 2024 को पटना जं. से 15.00 बजे खुलकर उसी दिन 21.45 बजे कटिहार पहुंचेगी।वापसी में गाड़ी सं. 03201 कटिहार-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 22 एवं 23 जून, 2024 को कटिहार से 22.15 बजे खुलकर अगले दिन 05.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी। **5.** गाड़ी सं. 05573/05574 सहरसा-पटना-सहरसा अनारक्षित परीक्षा स्पेशल (मानसी-खगड़िया-बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-सोनपुर-पाटलिपुत्र केरास्ते) -गाड़ी सं. 05573 सहरसा-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21 एवं 23 जून, 2024 को सहरसा से 20.30 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 04.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

## सर जेसी बोस उच्च विद्यालय में सिविल सर्जन ने एनीमिया जागरुकता अभियान का किया शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार सर जे सी बोस उच्च विद्यालय में सिविल सर्जन व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से सिकल सेल एनीमिया जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, सर जे सी बोस उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य, डीपीएम प्रतिभा कुमारी एनएचएम समेत अन्य स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि हर साल विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस 19 जून को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य सिकल सेल रोग से उत्पन्न बीमारियों से बचाव है। यह अभियान बीमारी के बारे में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग और जागरूकता रणनीतियों को जोड़ता है। सिकल सेल विशेषता वाले व्यक्तियों की पहचान करके, मिशन का उद्देश्य अगली पीढ़ी में बीमारी के स्वचालित संचरण को रोकना है।

*? सिकल सेल रोग क्या है*

- सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है।

- जब तक खून की जाँच नहीं करायी जाए रोग का पता नहीं चलता।

- परिवार का कोई सदस्य जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं।

- जाँच जरूरी है नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।

- परिवार में किसी को सिकल सेल एनीमिया हो तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जाँच जरूर कराएं।

**सिकल सेल एनीमिया के लक्षण :** - एनीमिया/पीलापन दिखाई देना।

-बार-बार संक्रमण/बीमार होना।,

थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना।

रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना।

- जोड़ों में दर्द या सूजन।

- छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ/पेट में दर्द।

**रोगी क्या नहीं करें :-** ज्यादा गर्मी या धूप में बाहर नहीं निकलें।

ज्यादा ऊँचाई वाले पहाड़ों, हिल स्टेशन पर न जाएँ।

-समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लें।

## सेना का स्क्रैप लेकर जा रहे ट्रक में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा महुदा मोड़ तैलमोचो के बीच फॉरलेन सड़क में सेना का स्क्रैप (बैटरी और ट्यूब) लेकर जा रहे ट्रक में भीषण आग लग गई। घटना के बाद कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गयी। घटना के तुरंत बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी. ट्रक चालक ने गाड़ी खड़ा करके पहले अपने वरीय अधिकारियों को फोन पर घटना की जानकारी दी. इसके बाद दमकल और पुलिस प्रशासन को घटना के संबंध में बताया. फिर किसी तरह ट्रक को पलटी मारा और आग बुझाने में जुट गया। घटना की सूचना पाकर दमकल के दो वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुटे हैं. बताया जाता है कि सेना का कबाड़ी बैटरी और ट्यूब लेकर ट्रक रांची से पान्नागाढ जा रहा था।


झारखण्ड सरकार
कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)
कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग

( राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के लाभ हेतु आम –सूचना)

Ph No : 06546 – 291453 Email – dho.hazaribag@gmail.com

शुद्धि सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन हेतु जिला – हजारीबाग एवं रामगढ के कृषकों से आवेदन आमंत्रण के लिए विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन किया गया है जिसका PR No. 325963 Agriculture (24-25) D है के क्रमांक 40 एवं 41 में अंकित कार्य अवयव हेतु कृषकों से आवेदन आमंत्रित नहीं किया जायगा । इस हद तक आंशिक संशोधन किया जाता है शेष यथावत रहेगा।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग / रामगढ़

PR 326876 Agriculture(24-25)D


## सत्ता को सच का आईना दिखाने वाले जन नेता हैं राहुल गांधी : सतपाल सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर में राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन मनाया गया। कांग्रेस जनों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाइयां व शुभकामनाएं दी तथा आवासीय कार्यालय से सेवा भावना के तहत आए हुए जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा की लोगों ने कहा कि राहुल जी भारत के शोषित, पीड़ित, कमजोर हाशिए पर पड़े और पिछड़े नागरिकों के निर्विवाद जन नेता हैं। वह बेजुबानों की आवाज कमजोरों के लिए ताकत का स्तंभ है। संविधान संरक्षक सर्वोत्कृष्ट न्याय योद्धा और भारत के गौरवशाली भविष्य की सबसे उज्जवल उम्मीद है। लोगों की सेवा के लिए उनकी निस्वार्थ समर्पित और भावुक प्रतिबद्धता हम सबों के लिए प्रेरणा है और उनका नैतिक मार्गदर्शन हमें हर कदम पर मार्गदर्शन करता रहेगा।


**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**
**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(1st Call)**

**Tender reference:- STATE_PLAN/HZB/RRP/02/2024-25 (1st Call) Date :- 19.06.2024**

| Sl. No | Particulars | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Changing of 32mm dia G.I. Rotten Riser Pipe, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark -II (IS:9301/1990) and depositing taken out old materials to departmental store etc. all complete job in Rural Areas under D W & S Division, Hazaribagh for the year 2024-25 on "Turn- Key Basis" | | | | |
| | Group No | No of RRP | Estimated Cost (in lakh) | E. M. Required | Cost Of BOQ (in rupees) | Time of Completion |
| | HZB/RRP/24-25/01 | 81 Nos. | 11.93940 | 24,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| | HZB/RRP/24-25/02 | 81 Nos. | 11.93940 | 24,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| | HZB/RRP/24-25/03 | 81 Nos. | 11.93940 | 24,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| | HZB/RRP/24-25/04 | 80 Nos. | 11.79200 | 24,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि:– | 22.06.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिर्डीग) की अन्तिम तिथि एवं समय:– | 29.06.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दि0–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:– | 29.06.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय:– | 01.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् | | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान:– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हजारीबाग। | | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पदनाम:– | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हजारीबाग। | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0:– | 06546-262291 | | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0:– | 0651-2480345 | | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हजारीबाग।

PR 326919 Drinking Water and Sanitation(24-25)D


## गिरिडीह में कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने केक काट कर अपने नेता राहुल गांधी के जन्मदिन की खुशियां बांटी। वहीं इस मौके पर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं के द्वारा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच फल का वितरण भी किया गया।मौके पर जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं, शोषितों, पीड़ितों, गरीबों, किसानों की बुलंद आवाज हैं।


**उप निदेशक का कार्यालय, भूगर्भ जल सर्वेक्षण प्रमण्डल, रॉंची** प्रपत्र –1

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

e-Tender Reference No. : W.R.D./ G.W.I.D./Ranchi F. 01/2024-25 Dated:- 18/06/2024

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | रॉंची जिला अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर 65 अदद रूफ टॉप रेनवाटर हारभेस्टिंग रिचार्ज पीट का निर्माण। | 71,66,095.00 | 1,44,000.00 | 10,000.00 | 25/06/2024 (पूर्वाहन 11.00 बजे से) | 09/07/2024 (अपराह्न 03.00 बजे तक) | 10/07/2024 ( अपराह्न 03.00 बजे से) | उप निदेशक, भूगर्भ जल सर्वेक्षण प्रमण्डल, रॉंची। अभियंत्रण भवन भूतल कचहरी चौक ,रॉंची। | 8789034733 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार्य होगी।
(2) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र के अनुसार होगी।
(3) दिनांक–09 / 07 / 2024 के 3.00 बजे अपराह्न तक परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online mode में स्वीकार्य होगी।
(4) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में लॉगईन करें।

उप निदेशक
भूगर्भ जल सर्वेक्षण प्रमंडल, रॉंची

PR 326866 Water Resource(24-25)#D

# कोलेबिरा विधायक ने किया अपने क्षेत्र का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलडेगा प्रखण्ड के चार पंचायतों परबा, टाटी, कुटुंगिया एवं ओड़गा के कार्यकर्ताओं संग लोक सभा चुनाव का समीक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्पादित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया ने किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं आप सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को बधाई और धन्यवाद देता हूं,जो आपलोगों के अथक प्रयास और मेहनत से कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 32500के बढ़त से सम्पूर्ण लोकसभा को डेढ़ लाख मत से जीत हासिल करने में सफलता प्राप्त किए।जो खुंटी लोकसभा क्षेत्र के इतिहास में सबसे अधिक बढ़त है। हमें गर्व है कि हमारे लोगों ने भारत के संविधान को बचाने और आरक्षण को समाप्त करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब देने में सफल हुए। मैं बताना चाहूंगा कि हमारे देश के संविधान जो बाबा भीमराव अम्बेडकर के द्वारा निर्मित किया गया है उसे बचाने के लिए अपना मत इण्डिया गठबंधन को दिए।ये हम आपकी नहीं,काली चरण मुण्डा की नहीं, आदरणीय राहुल गांधी जी , इण्डिया गठबंधन और संविधान की रक्षात्मक जीत है। भारतीय जनता पार्टी और उनके सूर में सूर मिलाकर चलने वाली पार्टी झारखण्ड पार्टी को जनता ने करारा जवाब दिया है। भाजपा अंहकार में डूबकर पुरे चुनाव में उनके पार्टी के नेताओं ने कहा कि आप हमें 400 सीट पर जीत दिलाईए हम संविधान को बदल देंगे। उस अंहकार को भारत देश के संविधान के रक्षकों ने चकनाचूर कर दिया। फलस्वरूप इण्डिया गठबंधन 234 सीट हासिल करने में कामयाब रही। भाजपा और हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार बना ली परन्तु ये सरकार बैसाखी पर आश्रित हो गई। साथियों आज भी हमारे विरोधी हमारे लोगों को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं, उससे सावधान रहने की आवश्यकता है।अभी हम सभी को आराम से बैठने की आवश्यकता नहीं है।अभी हमारे ऊपर एक दायित्व है और वो है अपने राज्य में इण्डिया गठबंधन के सरकार को सुरक्षित रखते हुए पुनः झारखण्ड में गठबंधन की सरकार बनाने का, इसलिए अभी से ही अपने अपने क्षेत्र में जाएं और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का कार्य करें। आज हमारी सरकार किसानों को दो लाख तक कृषि लोन माफी योजना, 150 यूनिट बिजली माफ़ी योजना, 50 साल के उम्र में आदिवासी, अनूसूचित जाति, एवं पिछड़ा वर्ग के महिलाओं को वृध्दा पेंशन योजना आदि लाकर जनता को लाभान्वित करने का संकल्प के साथ कार्य को करने जा रही है। हमारी गठबंधन की सरकार अबुआ आवास से गरीबों को सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। साथियों हमारी पार्टी और गठबंधन ने जो पांच गारंटी योजना को करने का संकल्प लिया था निश्चित रूप से हमारी केन्द्र में सरकार बनती तो हमारी पार्टी पुरा करती।आज भी इण्डिया गठबंधन उस गारंटी योजना पर कायम है अगर हमारी सरकार बनी तो हम आज भी उसे लागू करने के लिए संकल्पित हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री राहुल गांधी जी जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि नेलन तोपनो अर्जुन होरो, आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सुनील सुरीन, अनिल डांग, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, ओमप्रकाश, अमर तोपनो, सुकुवन जोजो, अनमोल, शांतिएल भागे, रहीम खान, कमरूद्दीन खान, नीरल जोजो, पंकज कुमार साहू, जॉनसन डांग, आदि उपस्थित थे।

### पलकोट प्रखण्ड का दौरा कर ग्रामीणों से मिले श्रद्धानंद

# समस्याओं को जाना, अधिकारियों से बात कर समाधान का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पालकोट :** सिमडेगा विधानसभा पुर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने ग्रामीण क्षेत्र भ्रमण के दौरान पालकोट प्रखंड कोलेंग पंचायत के कोंढ़रकेला, गुड़मा गांव पहुंचे एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। साथ में पालकोट प्रखंड अध्यक्ष गोपाल केसरी, प्रखंड मंत्री रूपनारायण साहु, प्रखंड कार्य समिति सदस्य मुकेश गुप्ता रहे। कोंढरकेला गांव के ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत 4 महिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण हम ग्राम वासी अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। वहीं गुड़मा के ग्रामीणों ने बताया कि विगत 10 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है। जल समस्या के संबंध में कोंढ़रकेला के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीन जलमिनार में से एक जलमिनार विगत 4 महिनों से खराब है। वहीं गुड़मा ग्राम के ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई दिनों से जलमिनार से जलापूर्ति बाधित है। जिनके कारण ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है। गुडमा ग्राम के ग्रामीणों ने विद्युत ट्रांसफार्मर के संबंध में श्री बेसरा को एक आवेदन पत्र भी दिया।उपरोक्त समस्याओं के संबंध में श्री बेसरा एवं गोपाल केसरी ने विद्युत विभाग पालकोट एवं पेयजल स्वच्छता विभाग पालकोट को संबंध में जानकारी दिए एवं जल्द ट्रांसफार्मर और पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिए आग्रह किए। मौके पर चंद्र साहू नेहरू खड़िया नारायण गोप भुगल प्रधान, सुनील लोहरा बुथ अध्यक्ष हीरामन साहू, बालकुमार साहू इत्यादि अनेकों कोंढरकेला और गुड़मा के महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

# मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने ग्रीन लोहरदगा की कामयाबी के लिए इमरजेंसी केयर को दी शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रक्तदान और स्वास्थ्य सेवाओं की अग्रणी संस्था इमरजेंसी केयर अब प्रकृति संरक्षण और लोहरदगा को हरा भरा रखने की दिशा में अपना योगदान देगी उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीन लोहरदगा कैंपेन के तहत विभिन्न क्षेत्रों में 1000 वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया। जिसकी शुरुआत मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अशोक यादव, निशीथ जायसवाल के द्वारा एक एक पौधा बी एस कॉलेज परिसर में लगा कर किया गया। रामेश्वर उरांव ने इमरजेंसी केयर के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में पेड़ लगाना और बचाना हमसब का दायित्व है, इस मुहिम में ज्यादा से ज्यादा लोग जुडें, लगातार जंगल का कटना भी एक गंभीर मुद्दा है, धीरज प्रसाद साहू ने पौधा लगाया, उसको सींचा और कहा कि लोहरदगा जितना खूबसूरत शहर आस पास देखने को नहीं मिलेगा, यहां का नजारा और प्राकृतिक छटा बड़े बड़े हिल स्टेशन के समकक्ष है। जितना ज्यादा पेड़ होगा यहां का मौसम उतना अच्छा होगा। सभी को मिलकर इसे बचाए रखना है।डीडीसी शेखावत ने इमरजेंसी केयर के काम की सराहना की और बताया कि पेड़ से जलस्तर सही रहता है और वायुमंडल में प्रदूषण की मात्रा कम होती है। अशोक यादव, निशीथ जायसवाल ने भी एक एक पौधा लगाया और इस नेक काम में आगे भी अपना सहयोग देने की बात की। इमरजेंसी केयर सचिव देशराज गोयल ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम अमित कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इमरजेंसी केयर के निखिल बर्मन, नंदलाल तिवारी, रंजीत साहू, अरविंद कुमार, आशीष कुमार, अमित कुमार, किशोर कुमार, जयजित चौबे, अजय, धैर्य, भावेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जलनल योजना में गुणवत्ता का अभाव पर ग्रामीणों ने उठाया आवाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मुर्की ग्राम में जल नल योजना में संवेदक की मनमानी से तंग आकर ग्रामीण गोलबंद हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दे समस्या से अवगत कराते हुए निदान करने का किया अनुरोध। उक्त मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत ग्राम के मुर्की का है। जहां संवेदक की मनमानी कार्य तथा पानी नहीं मिलने से मुर्की पंचायत के प्रति निधि के अलावे ग्रामीणों ने ठेकेदार के विरुद्ध रोष प्रकट करते हुए सवालिया निशान साधा। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्य मे विलम्ब होने और सामग्री की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगाकर निर्माणधीन कार्य का जांच कराने का अनुरोध किया है। पंचायत के मुखिया कमला देवी ने ठेकेदार पर काम में प्राक्कलन राशि के अनुसार कार्य नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जांच के उपरांत ऐसे संवेदक के विरुद्ध विभागीय कारवाई होनी चाहिए। गौरतलब है कि इन दिनों प्रखंड के सभी गांवों में सरकार की योजना हर घर जल नल योजना का कार्य जोरो पर चल रहा है। लेकिन जो भी कार्य किया गया है। उसमें लगभग आधा से अधिक बनकर तैयार है। परंतु घर तक पानी का नजारा नहीं दिखता। ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दिया गया कि बोरिंग कार्य के बाद बोरिंग में पाइप 20 से 30 फिट डाला गया है। जब ग्रामीणों को पानी नहीं मिला तो इसका विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा धमकी दिया जाता है। सरकारी काम मे बाधा डालने में जेल भेजवा दूंगा। इस प्रकार संवेदक द्वारा धमकी तथा मनमानी कार्य से थक हार कर ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए जांच करने का अनुरोध प्रखंड विकास पदाधिकारी से किया है। आवेदन देने वालो में मुखिया कमला देवी जल सहिया रानी देवी वार्ड सदस्य देवंती देवी के अलावे रविन्द्र उरांव, सूचित उरांव, महेश मुंडा, अनिता देवी, रंधीर सिंह, दलवीर महतो, सीता उरांव सहित गांव के अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

### जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने आंगनवाड़ी केंद्र भवन का किया उद्घाटन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के डीएमएफटी मद से पेशरार प्रखण्ड के सहेदापाट में तैयार आंगनवाड़ी केंद्र भवन का शुभारंभ आज बुधवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा किया गया। शुभारंभ के उपरांत पदाधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के लाभार्थियों को मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के बारे जानकारी दी गई। बताया गया कि यह जागरूकता अभियान दिनांक 19 से 26 जून तक चलाया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर नशीले पदार्थों के सेवन से होनेवाले नुकसान के बारे मे बताया और युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई। पदाधिकारी द्वारा विभाग की योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, शून्य से पांच वर्ष के बच्चों की वृद्धि निगरानी, आधार सत्यान आदि की जानकारी दी गई। इस मौके बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कर्मी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सीजेएम ने की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार अनुसार आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर आज लोहरदगा के सभी थाना प्रभारियों के साथ सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, वरिय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता तिर्की एवं अनुमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता ने एक बैठक की। पुलिस पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए सीजेएम ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित एक्शन प्लान के तहत जिन दांडिक वादों को चिन्हित किया गया है उनसे संबंधित अभियुक्त एवं गवाहों को स-समय न्यायालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें । साथ ही साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो नोटिस विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी किए जा रहे हैं उसे अविलंब तामिला कराकर न्यायालय को वापस करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सके। डालसा सचिव राजेश कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिन अभियुक्त को थाना द्वारा पकड़ा जाता है और जिन्हें जेल भेजना अनिवार्य है, गिरफ्तारी मेमो बनाते समय ही एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को उनके मोबाइल पर सूचना दी जाए ताकि वह रिमांड के समय उपस्थित रह सके। मीटिंग में वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी ने भी कोर्ट संबंधित समस्याओं की चर्चा की। चेक बाउंसिंग के बढ़ते हुए मामलों को देखकर पुलिस को यह हिदायत दी गई कि वह चेक मामलों के केस में यदि न्यायालय द्वारा अजमानतीय वारंट जारी कर दिया जाता है तो थाने पर से उसे बेल न दिया जाए। उसे न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहा जाए। ताकि चेक अनादरण से संबंधित ज्यादा से ज्यादा मामलों को शुरुआती स्तर पर ही सुलझाए जा सके। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने भी अपनी समस्याओं को रखा। अधिवक्ता विवेक कुमार भी मीटिंग में उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत सेरेंगहातु तोड़ार यूथ काँग्रेस बिशुनपुर विधानसभा की अध्यक्षता में काँग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा काँग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संसद राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया। वही आयोजित कार्यक्रम के दौरान बिशुनपुर विधानसभा यूथ काँग्रेस अध्यक्ष इमरान आजाद अंसारी ने कहा कि जिस तरह भारत की संविधान को पढ़ कर शपथ दिलाई गई। उसी को बचाने के लिये राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुम्बई तक पद यात्रा कर संविधान बचाने और नफरत को मिटाने का कार्य किया वह सराहनीय है। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाने का शपथ लिया। मौके पर जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, महासचिव अशफाक अंसारी के अलावे हकीम अंसारी, मुख्तार अंसारी, एहसान अंसारी, तौहीद अंसारी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भंडरा थाना क्षेत्र के नगड़ी गांव में 22 जंगली हाथियों की झुंड पहुंचने से लोगों में भय का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के नगड़ी गांव में सोमवार को 22 जंगली हाथियों की झुंड पहुंचने से लोगों में भय का माहौल है। गांव में जंगली हाथियों की झुंड पहुंचते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई हैं। भंडरा के नगड़ी नंदनी डैम के समीप खुदी उरांव के आम बागान में हाथियों का झुंड डेरा जमाए हुए है। इधर हाथियों की झुंड को देखने के लिए आसपास गांव के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे है। ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए वन विभाग व भंडरा थाना पुलिस प्रचारक यंत्र के माध्यम से हाथियों की झुंड के समीप जाने से लोगों को मना करने को लेकर अपील कर रहे है। हालांकि हाथियों की झुंड ने खुदी उरांव के आम बागान को तहस-नहस कर दिया है। जबकि हाथियों की झुंड से अधिक नुकसान हाथी देखने पहुंचने वाले ग्रामीणों ने किया। इस दौरान ग्रामीणों ने खुदी उरांव, अरुण उरांव के आम बागान से आम की चोरी भी कर ले गए। वन कर्मी नवीन चौहान, गौतम राम,नवनीत कुमार, ऋ षि कुमार, अनूप शाहदेव, महाबीर उरांव, रमेश भगत, पंकज कुमार सिंह, प्रदीप साहू ने कहा कि 22 हाथियों का झुंड में कुछ छोटे हाथी भी है। रविवार को हाथियों का झुंड कैरो क्षेत्र में था। इससे वन विभाग की टीम द्वारा गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत जमगाई के रास्ते अमलीया जंगल की ओर भेजने का प्रयास किया जा रहा है।

### आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आजसु पार्टी हए रेस, विभिन्न गांवों का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड के ककड़गढ़ पंचायत में आजसु पार्टी की अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को पार्टी की रणनीति बनाई गई। जिसमें भारी संख्या में पंचायत के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए और आगामी चुनाव 2024 के विधानसभा कैसे जीत कर नीरू शांति भगत को विधानसभा कैसे भेजें इसमें गहन चिंतन मंथन किया गया। आगामी 22 जून को आजसू पार्टी की स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने के विषय में चर्चा की गई। इस अवसर पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत का कुशल व्यवहार और आजसू पार्टी के प्रति अपनी आस्था को रखते हुए पार्टी में सजमुल कुरैशी, वजीर कुरेशी, मेराज अंसारी, आरिफ अंसारी, मोइन अंसारी, सुरेश उराँव ने सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही पंचायत कमिटि के विस्तार एवं चूल्हा प्रमुख ग्राम प्रभारी आदिवासी महासभा की जिला कमिटि का विस्तार करते हुए लखन उराँव को जिला सचिव उपाध्यक्ष सुखराज उराँव को बनाया गया।

### लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाना है : दिलीप प्रताप सिंह शेखावत

# मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरूद्ध एक सप्ताह तक चलेगा जागरूकता अभियान

### उप विकास आयुक्त ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य सरकार के निदेश पर लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाने की दिशा में अभियान की शुरूआत के रूप में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जागरूकता रथ को आज उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे राज्य को नशामुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया है। इस दिशा में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से लोहरदगा जिला में भी जागरूकता अभियान 19 से 26 जून 2024 तक जिला स्तर से लेकर प्रखण्ड व पंचायत स्तर तक चलाया जाएगा। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना एवं जनसम्पर्क, नगर परिषद, पुलिस विभाग, जेएसएलपीएस के अलावा कई संस्थाएं भी अपने-अपने स्तर से जागरूकता अभियान में शामिल होंगे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के दौर में बच्चे आसानी से नशे की लत में आ जा रहे हैं। किशोरों में आज यह तेजी से बढा है। लोहरदगा जिला प्रशासन ने यह संकल्प लिया है कि लोहरदगा जिला में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक लगायी जाए ताकि नशे से छुटकारा मिल सके। स्कूल व कॉलेज में भी यह जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें युवाओं को जागरूक करने में मदद मिलेगी। यह अभियान एक सप्ताह चलेगा। अगर कोई नशा के प्रभाव में बच्चे/युवा या कोई व्यक्ति पाया जाता है उन्हें नशामुक्त किया जाएगा। सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जागरूकता रथ लोहरदगा जिला में 20 जून को कैरो प्रखण्ड, 21 जून को किस्को प्रखण्ड, 22 जून को कुडू प्रखण्ड, 23 जून को भण्डरा प्रखण्ड, 24 जून को पेशरार प्रखण्ड, 25 जून को सेन्हा प्रखण्ड और 26 जून को कुडू प्रखण्ड में भ्रमणशील रहेगा। आज के कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, डीसीएलआर सुजाता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह,जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा,जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर चार दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य स्तर पर तीन दिवसीय निपुण समागम 2024 का आयोजन चार जुलाई 2024 तक किया जाना है। इस समागम राज्य के सभी 24 जिलों द्वारा टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल्स) प्रदर्शनी लगायी जानी है। इस समागम का मुख्य उद्देश्य राज्य में बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता के प्रति शिक्षकों एवं समुदाय को जागरूक करते हुए जिसके सभी कक्षा 1 से पांच तक के विद्यार्थियों को निपुण बनाना है। राज्य स्तरीय समागम की सफलता पूरी तरह से जिलों की प्रतिभागिता एवं जिलों के द्वारा लगाये जाने वाले प्रदर्श पर निर्भर करती है। इस जिला स्तर पर समयबद्ध तरीके से दिनांक 19 से 22 जून 2024 तक जिला स्तरीय स्तरीय चार दिवसीय की एलटीएम निर्माण कार्यशाला आयोजित कर टीएलएम निर्माण करते हुए जिला स्तरीय निपुण समागम टीएलएम मेला की आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने की दिशा में किया गया कार्य है। आज दिनांक 19 जून 2024 को डाएट चिरी में नीलम आईलिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर चार दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला की सफलता हेतु अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेनेवाले शिक्षकों के द्वारा इस प्रकार का टीएलएम निर्माण करें जिसमें पूर्व, प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चे सरलतम तरीके से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को रोचकता के साथ सीख सकें। अभिषेक झा, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा कर्यशाला की महत्ता बताते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी शिक्षक अपने विद्यालय के बच्चों की स्तर को दृष्टिपथ रखते हुए सरल गतिविधि आधारित टीएलएम को निर्माण करें। जिसमें पठन-पाठन की क्रिया को रोचक बनाया जा सके। अशोक कुमार पाण्डेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा कार्यशाला में 03 क्षेत्रों में टीएलएम निर्माण करने की बात कही। ये तीन क्षेत्र क्रमशः भाषा हिंदी व अंग्रेजी जनजातीय भाषा कुडुख,संख्या ज्ञान विषय से संबोधित टीएलएम निर्माण किया जाना है। टीएलएम निर्माण के दौरान के शिक्षण में बहुभाषिता जेंडर समावेशन एवं सामाजिक भावनात्मक पहलुओं पर संवेदनशीलता को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। इस कार्यशाला में जिले के प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ानेवाले सौ शिक्षकों के माध्यम से टीएलएम निर्माण किया जा रहा है। यह कार्यशाला दिनांक 22.6.2024 तक संचालित होगा। इसके बाद जिला स्तर पर जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन 24/25 जून 2024 को किया जाएगा। टीएलएम कार्यक्रम में मास्टर प्रशिक्षक के रूप में कबीरूद्दीन अंसारी, विजय कुमार बैठा, जुबैर अख्तर, धर्मवीर साहू, अशोक भगत द्वारा सुगम-साध्य तरीके से कार्यशाला संचालित किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### आरपीएफ ने रांची के सेरसा स्टेडियम से एक टेक्नीशियन को बचाया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** सिग्नल टेलीकॉम विभाग से आरपीएफ रांची को सुचना मिली कि अरिआका प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन के साथ आउटडोर विजिबल डिस्प्ले के मरमत के लिए रांची के सेरसा स्टेडियम में तैनात थे, उसी वक्त एक प्राइवेट टेक्नीशियन जो इलेक्ट्रिक शॉक लगने के कारण ओविडी प्लेटफॉर्म से निचे उतरने में अक्षम थाद्य मामले कि सुचना मिलने ही रांची पोस्ट के आरपीएफ प्रभारी दिगंजय शर्मा, उपनिरीक्षक सूरज पांडे, अश्वनी, स्टाफ अरुण,पवन, कुणाल तथा मयंक के साथ घटनास्थल पहुंचे तथा देखा कि एक व्यक्ति जो टेक्नीशियन था, नाम रवि प्रसाद, पिता नरेन्द्र प्रसाद, घर पुनिहा, नालंदा, बिहार 24 फिट ऊंचे ओविडी प्लेटफॉर्म पर अर्ध बेहोशी की अवस्था में पड़ा हुआ हैद्य तत्काल आरपीएफ ने सीढ़ी, रस्सियों इत्यादि का इंतजाम कर उक्त व्यक्ति को निचे उतारा तथा रिम्स रांची में अगले उपचार के लिए एम्बुलेंस से भिजवायाद्य आरपीएफ के इस नेक कार्य को देखकर उक्त व्यक्ति के भाई ऋतुराज प्रसाद ने आरपीएफ कि प्रशंसा कीद्य आरपीएफ रांची का ये कृत्य चर्चा का विषय बना हुआ हैद्य उक्त व्यक्ती की हालत अभी खतरे से बाहर है।

### पाठ्यक्रम के अनुसार दोबारा परीक्षा आयोजित कराई जाए : अभिषेक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व मे (जेएसएससी) द्वारा कराई जा रही प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम से मांग पत्र सोपा ।मांग पत्र के माध्यम से युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा कहा कि अभी कुछ दिनों पहले ही जेएसएससी द्वारा करवाई जा रही प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में जनजातीय भाषा पेपर 2 में पंचपरगनियां, हो, कुरमाली विषय की परीक्षा मै 50त्न से ज्यादा प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से पूछे गए हैं जिसे लेकर छात्र छात्राएं काफी परेशान हताश एवं निराश हैं उन छात्र-छात्राओं का कहना है इस परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी होते के साथ ही पाठ्यक्रम भी जारी कर दिया गया था फिर भी पाठ्यक्रम के बाहर से प्रश्न पूछा जाना छात्र-छात्राओं एवं उनके भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा जेएसएससी द्वारा कराई जा रही प्रारंभिक प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द कर पुनः पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा करवाया जाए वही आगे होने वाली परीक्षाओं में इसका ध्यान रखा जाए की जो भी प्रश्न पूछे जाएं वह पाठ्यक्रम के अनुसार हो अन्यथा युवा आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी। वहीं मौके पर मौजूद युवा आजसू के रोहित चौधरी ने कहा कि अगर जल्द ही इस मामले पर मुख्यमंत्री एवं जेएसएससी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो युवा वास्तु के सदस्य जेएसएससी दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन आंदोलन तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से युवा आजसू के रोहित चौधरी विपिन कुमार यादव, विक्रम यादव,सिमरन यादव,आदित्य सिंह, अनमोल राहुल कुमार, करण सिंह, दीपक दुबे के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# श्रमिकों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाएगी सरकार : सीएम

**एजेंसी**

**जींद :** सीएम नायब सिंह सैनी नई अनाज मंडी में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में घोषणा की है कि जो भी श्रमिक भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए तीर्थ यात्रा पर जाना चाहता है,उसे सरकार द्वारा मुफ्त यात्रा करवाई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है। श्रमिक बस या ट्रेन से भी अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए तीर्थ यात्रा जाते हैं तो इसका खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी। सीएम नायब सिंह सैनी बुधवार को जींद की नई अनाज मंडी आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह को संबोधित



कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा समेत कांग्रेस नेता यह कहते फिर रहे हैं कि उनकी सरकार आने पर पोर्टल को बंद कर दिया जाएगा। करनाल में भूपेंद्र हुड्डा ने यह बात बोली तो उनके मूख से भ्रष्टाचार की बू आ रही थी। क्योंकि श्रमिकों तक जो भी लाभ पहुंच रहा है, इस पोर्टल के माध्यम से पहुंचता है। अगर पोर्टल बंद हो गया तो लाभ से वंचित रह जाएंगे। इसलिए सरकार ने फैसला लिया है कि जो भी श्रमिक लाभ के लिए पोर्टल के माध्यम से अप्लाई करेगा, उसे तय समय में लाभ मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने हैप्पी कार्ड, बिजली बिल माफी, सोलर योजना की भी शुरूआत की है। सीएम नायब सिंह सैनी ने बटन दबा कर श्रमिकों के लिए तीन योजनाओं के तहत करोड़ों रुपये का लाभ उनके खातों में डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बना रही है। सरकार ने पिछले 10 वर्षों में आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड की योजना दी, जिसके तहत पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जरूरतमंदों को प्लाट तो दे दिए थे लेकिन न तो उनकी निशानदेही करवाई गई थी और न ही कब्जा दिलवाया गया था।



नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपना 54वां जन्मदिन के अवसर पर पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ हाथ मिलाया।

## विशेष लोक अदालत के लिए डालसा अध्यक्ष ने दिए दिशा-निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भूमि और राजस्व संबंधित विशेष लोक अदालत 29 जून को राज्यभर के सिविल कोर्ट में आयोजित की जायेगी। इसके लिए बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में बैठक हुई। यह बैठक राजस्व, भूमि अधिग्रहण, विस्थापन, मुआवजा और इससे संबंधित अन्य मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आयोजित की गयी थी। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्री-लोक अदालत की बैठक 24 से 28 जून तक चलेगी। न्यायायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी संस्थान जो भूमि और राजस्व से संबंधित है, उनके मामलों को पहले से ही चिन्हित कर नोटिस भेजा जा रहा है। अधिक से अधिक नोटिस का तामिला कराने के निर्देश दिया गया है ताकि विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का त्वरित गति से निष्पादन हो सके। डालसा द्वारा संबंधित संस्थानों में कैंप लगाकर मामलों को चिन्हित कर उसका निष्पादन किया जायेगा। न्यायायुक्त ने संबंधित विभागों में विशेष लोक अदालत से संबंधित पोस्टर, बैनर लगाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। दूसरी ओर, सीसीएल के सभी विभाग और रांची जिला के सभी प्रखंड अंचल कार्यालय में 25 जून को कैंप लगाया जायेगा। कैंप लगाकर भूमि, राजस्व एवं सीसीएल के लंबित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। बैठक में न्यायाधीश रजेश कुमार सिंह, राजीव रंजन, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, सीसीएल, वन विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान रीढ़ की हड्डी के बराबर: उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**डिंडौरी :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान शरीर की रीढ़ की हड्डी के बराबर है। जनजाति ही भारतीय संस्कृति और प्रजातंत्र को बल देती है। देश के इतिहास में पहली बार एक जनजातीय समाज की महिला राष्ट्रपति बनती है, यह गौरव का पल है। उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को डिंडौरी प्रवास के दौरान यहां शासकीय चंद्र विजय कॉलेज परिसर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय परामर्श शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण करने



के बाद दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस परामर्श शिविर में जिलेभर से 1970 मरीज पहुंचे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का दिल जनजाति के लिए धड़कता है। उन्होंने कहा कि 1989 में जब मैं सांसद बना, केंद्र में मंत्री बना तो हमारी अर्थव्यवस्था लंदन शहर और पेरिस से भी छोटी थी। हमारा सोना हमने स्विटजरलैंड को गिरवी रखा था और अब देखिए हम कहां से कहां आ गए। हमने बहुत सारे देशों को पीछे छोड़ दिया। इसमें जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान है। भारत की पहचान जनजाति कल्चर है। इसी वजह से भारत के प्रधानमंत्री ने दो बड़े संकल्प लिए हैं। भारत जहां दुनिया का छठवां हिस्सा रहता है, जब वह 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो भारत विकसित राष्ट्र होगा और विकसित राष्ट्र की पहचान होगी सिकल सेल बीमारी का पूर्ण अनुमूलन। आयुष्मान योजना के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से खत्म करेंगे।

# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए उपायुक्त द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** निषिद्ध मादक पदार्थों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा जन सम्पर्क कार्यालय गढ़वा द्वारा तैयार किए गए जागरूकता रथ को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, जिला योजना पदाधिकारी-सह-जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, सहायक जन सम्पर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि राज्य सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता की आवश्यकता व महत्त्व को देखते हुए 19 जून से 26 जून तक जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम संचालित कराया जा रहा है तथा जिला के सभी संबंधित विभागों, जेएसएलपीएस, एनजीओ/



कॉर्पोरेट्स को शामिल किया गया है। सूचना एवं शिक्षा विभाग, पंचायती राज, जनसंपर्क विभाग समेत अन्य के सहयोग से मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी, कार्यशाला, जागरूकता रथ, रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड थीम के तहत मैराथन दौड़ आदि आयोजित कराया जाएगा।जागरूकता रथ जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को निषिद्ध मादक पदार्थों के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा। इस दौरान उन्हें बताया जाएगा की 18 वर्ष से कम आयु को मादक पदार्थ की बिक्री गैरकानूनी है, शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के क्षेत्रफल में मादक पदार्थ की बिक्री गैरकानूनी है, मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करना अपराध है, नशीले पदार्थ की गैर कानूनी तरीके से खेती दण्डनीय अपराध है, नशीले पदार्थ का उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन या उपयोग दण्डनीय अपराध है आदि।

# 2032 तक भारत बन जाएगा 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था : गौतम अदाणी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी का कहना है कि वित्तवर्ष 2032 तक भारत 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर (10 ट्रिलियन डॉलर) की अर्थव्यवस्था बन जाएगा, और बुनियादी ढांचे पर कुल खर्च भी 2.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा होगा.क्रेडिट रेटिंग कंपनी क्रिसिल के वार्षिक इन्फ्रास्ट्रक्चर शिखर सम्मेलन इन्फ्रास्ट्रक्चर द कैटेलिस्ट फ़ॉर इंडियाज़ फ़्यूचर के दौरान गौतम अदाणी ने अपने अनुमानों का ज़िक्र करते हुए अगले आठ साल में भारत के 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाने की बात कही. अदाणी ग्रुप के चेयरमैन का कहना था,हमारे अनुमान बताते हैं कि वित्तवर्ष 2032 तक भारत का 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर (10 ट्रिलियन डॉलर) की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य है - और उस वक्त बुनियादी ढांचे पर कुल खर्च 2.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा होगा... और इस पूरे खर्च का लगभग एक चौथाई, यानी 25 फ़ीसदी ऊर्जा और ऊर्जा परिवर्तन पर होने की उम्मीद है.गौतम अदाणी ने अपने संबोधन में दावा किया कि भारत की असली तरक्की होना अभी शेष है. उन्होंने कहा,भले ही हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं, लेकिन मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि भारत की असली तरक्की, असली विकास अभी होना बाकी है.ऐसा मंच पहले से दुनिया में मौजूद है, जिसकी बदौलत कई ट्रिलियन-डॉलर मार्केट स्पेस तैयार हो सकते हैं. गौतम अदाणी ने ग्रीन इलेक्ट्रॉन को किसी भी मुल्क की आर्थिक तरक्की की राह में बेहद अहम कारक करार दिया और कहा,ग्रीन इलेक्ट्रॉन की उपलब्धता ही किसी देश के आर्थिक विकास को गति देने वाला सबसे अहम पहलू होगी.और मेरी राय में ग्रीन इलेक्ट्रॉन के बाज़ार में आज के दौर में तरक्की की कोई हद नहीं है. उन्होंने दावा किया,हम दुनिया के सबसे कम कीमत वाले ग्रीन इलेक्ट्रॉन का उत्पादन करेंगे, जो ऐसे कई सेक्टरों के लिए फ़ीडस्टॉक बनेगा, जिन्हें सस्टेनेबिलिटी की ज़रूरतों को पूरा करना ही होगा.

## जमीन घोटाला मामले के आरोपित मोहम्मद इरशाद ने की जमानत याचिका दाखिल

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले के आरोपित मोहम्मद इरशाद ने बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई है। इरशाद की ओर से पीएमएलए की विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की गई है। इस याचिका पर अदालत में पांच जुलाई को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल को जमीन कारोबारी मोहम्मद इरशाद, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और जेएमएम नेता अंतू तिर्की को ईडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले 15 अप्रैल को ईडी ने जेएमएम नेता अंतू तिर्की सहित कई जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। गिरफ्तारी के बाद से ये सभी जेल में बंद हैं। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पहले ही पीएमएलए कोर्ट ने खारिज कर दी है।


